डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

PG-2

सिनेमाः-प्रयागराज के क्लबों के साथ आयोजित लायंस स्पोर्ट्स मीट किलोल प्रयागराज का आयोजन किया

वर्ष -08 अंक -287 | प्रयागराज ,बुधवार, 08, फरवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

संक्षिप्त समाचार

चीन द्वारा जीरो कोविड नीति समाप्त करने के बाद सामने नहीं आया कोई नया वेरिएंट

बीजिंग। चीन द्वारा पिछले साल के अंत में अपनी शून्य-कोविड नीति समाप्त करने के बाद कोविड -19 का कोई नया मामला बीजिंग में सामने नहीं आया है। इसका खुलासा बुधवार को एक नए



अध्ययन में किया गया है। चीन ने दिसंबर की शुरुआत में शून्य कोविड नीति को समाप्त करने के बाद कोरोना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की है। चीन में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए एक दर्जन से अधिक देशों ने तुरंत चीन के यात्रियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए लेकिन चीनी शोधकर्ताओं द्वारा 14 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच बीजिंग से 413 नमूनों का विश्लेषण करने वाले नए अध्ययन में कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उस दौरान कोरोना के नए वेरिएंट सामने आए हैं। वहीं, 90 प्रतिशत से अधिक मामलें इ.7 और 5.2, ओमिक्रॉन सबवेरिएंट थे जो पहले से ही चीन में मौजूद थे और पश्चिमी देशों में अधिक ट्रांसमिसिबल सबवेरिएंट से काफी अधिक थे। द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, बीए.7 के तीन चौथाई नमूने लिए गए थे, जबकि बीए5.2 15 प्रतिशत से अधिक थे। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी के वायरोलॉजिस्ट लीड स्टडी लेखक जॉर्ज गाओ ने एक बयान में कहा, हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि किसी भी नए वेरिएंट के बजाय दो ज्ञात ओमिक्रॉन सब-वेरिएंट मुख्य रूप से बीजिंग और संभावित रूप से चीन में बढ़ रहे कोरोना के मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि चीन ने अपने परीक्षण में कटौती की है, जिसके कारण कोरोना के परिणाम प्रभावित हुए हैं। ये परीक्षण सिर्फ बीजिंग को कवर करता है, पूरे देश को नहीं।

तालिबानी धमकी को लेकर बिहार-झारखंड में अलर्ट, नेपाल बंग्लादेश के रास्ते भारत में प्रवेश कर सकते हैं आतंकी

(आधुनिक समाचार सेवा)

भागलपुर। एक अज्ञात तालिबानी आतंकी ने एनआइए को ईमेल भेजकर मुंबई (महाराष्ट्र) में आंतकी हमला करने की धमकी दी है। इस धमकी के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने सीमांचल और संताल परगना के पुलिस पदाधिकारियों को विशेष रूप से सजग-सर्तक रहने का निर्देश दिया है। इसके बाद सीमांचल और संताल परगना में नेपाल और बांग्लादेश बार्डर पर सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी पर दी गई है। सीमा से आने-जाने वालों की गहन तलाशी ली जा रही है। इस ईमेल के मामले में एनआइए ने बिहार की सुरक्षा एजेंसियों से भी मदद मांगी है। एनआइए को यह ईमेल दो फरवरी को भेजा गया है। इधर, विशेष शाखा के पुलिस महानिरीक्षक ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों, वरीय पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों और रेलवे के आरक्षी अधीक्षकों को पत्र भेजकर विशेष रूप से सर्तक रहने और सुरक्षात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एनआइए को इस बात की आशंका है कि पड़ोसी देश नेपाल या बंग्लादेश के रास्ते तालिबानी आतंकी भारत की सीमा में प्रवेश कर सकते हैं। किशनगंज और सिलीगुड़ी के बीच चिकन नेक का इलाका आतंकियों के भारत में प्रवेश का सबसे सुगम रास्ता रहा है। पिछले दो-तीन साल के दौरान उस क्षेत्र में कई संदिग्ध लोग पकड़े भी गए हैं। किशनगंज का इलाका बांग्लादेश के बॉर्डर से जुड़ा है। इस रास्ते से भी तालिबानी आतंकियों के भारत में प्रवेश करने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। बांग्लादेश बॉर्डर का कुछ हिस्सा संताल परगना के पाकुड़ और साहेबगंज से नजदीक है। इस रास्ते का इस्तेमाल भी आतंकी कर सकते हैं। एनआइए के सूत्रों ने बताया कि बिहार के दरभंगा, मोतिहारी और बेतिया पर भी उनकी नजर है। एजेंसी इस बात की गहन जांच कर रही है कि आखिरकार ईमेल कहां से भेजी गई है।

वीजा मिलने के बाद भारतीय नागरिक ने पाकिस्तान में किया प्रवेश, पैदल ही हज यात्रा पर निकला है शिहाब

(आधुनिक समाचार सेवा)

लाहौर। भारतीय नागरिक शिहाब चित्तूर अब अपनी हज यात्रा को पैदल ही पूरा कर सकेंगे। पाकिस्तान की एक अदालत ने शिहाब चित्तूर को देश में प्रवेश करने की मंजूरी दे दी। जिसके



बाद शिहाब ने अटारी-वाघा के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश किया। इस दौरान सरवर ताज ने उनका स्वागत किया शिहाब चित्तूर ने पाकिस्तान में किया प्रवेश दरअसल, इससे पहले पाकिस्तान की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक को वीजा देने से मना कर दिया था। करीब चार महीने से शिहाब चित्तूर पाकिस्तान का वीजा न होने के कारण अपनी यात्रा को आगे जारी नहीं रख पाए थे। हालांकि, शिहाब चित्तूर की ओर से भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान के अध्यक्ष इम्तियाज राशिद कुरैशी और सरवर ताज ने पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की थी लाहौर निवासी ने शिहाब की ओर से दायर की थी याचिका लाहौर के निवासी सरवर ताज ने लाहौर उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर अनुरोध किया कि शिहाब को सऊदी अरब की यात्रा करने की अनुमति देने के लिए ट्रांजिट वीजा दिया जाए। उन्होंने तर्क दिया था कि जिस तरह पाकिस्तान सरकार गुरु नानक की जयंती और अन्य अवसरों पर भाग लेने के लिए भारत के सिख तीर्थयात्रियों को वीजा जारी करती है, उसी तरह उसे शिहाब को भी वीजा देना चाहिए।हालांकि, लाहौर हाई कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि याचिकाकर्ता भारतीय नागरिक से संबंधित नहीं है और न ही उसके पास अदालत जाने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी थी।

हर बूथ पर दस्तक देंगे दिल्ली भाजपा के मुखिया, निकाली जाएगी बाइक यात्रा; तैयारी शुरू

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी की बैठक के बाद अब भाजपा नेता जनता के बीच जाने की तैयारी कर रही है। लोकसभा चुनाव में जीत दोहराने के लिए

प्रत्येक वर्ग को साधने की कोशिश होगी और इसके लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में तेलंगाना की तरह दिल्ली में दोपहिया यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी शामिल होंगे। यह कोशिश होगी कि अध्यक्ष प्रत्येक बूथ तक पहुंचें। उनके साथ प्रदेश के नेताओं के साथ स्थानीय कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने दिल्ली के नेताओं को परंपरागत वोट बैंक को जोड़े रखने के साथ नए वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए कहा है। प्रत्येक वर्ग के बीच पार्टी के समर्थक बढ़ें, इसे ध्यान में रखकर कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। बाइक से हर बूथ पहुंचेंगे भाजपा नेता लोगों की समस्याओं की पहचानकर कार्यकर्ता उसे जोरदार तरीके से उठाएंगे। नेताओं को कार्यालय में रहकर राजनीति करने की जगह जनता के बीच जाकर संवाद बढ़ाने के लिए कहा गया है। इसके लिए पार्टी ने जनांदोलन यात्रा निकालने का फैसला किया है। इस यात्रा में नेता और कार्यकर्ता दोपहिया वाहन से प्रत्येक बूथ पर पहुंचेंगे। भाजपा नेताओं ने बताया कि तेलंगाना में पार्टी दोपहिया यात्रा निकाल चुकी है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं। वहां पार्टी समर्थकों की संख्या बढ़ी है। दिल्ली में भी इस तरह की यात्रा फरवरी अंत या मार्च के पहले सप्ताह से निकालने की योजना है। मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को किया जाएगा जागरूक इससे पहले मंडल स्तर पर बैठक करके कार्यकर्ताओं को जागरूक किया जाएगा। जनांदोलन यात्रा में प्रत्येक बूथ को शामिल किया जाएगा। अबतक पार्टी मुस्लिम बहुल इलाके में ज्यादा मेहनत नहीं करती थी, लेकिन इस यात्रा में इन्हें नजर अंदाज नहीं किया जाएगा। अन्य बूथ की तरह मुस्लिम इलाके में पड़ने वाले सभी बूथ पर प्रदेश अध्यक्ष जाएंगे। मंडल स्तरीय बैठक में यात्रा का मार्ग तैयार किया जाएगा, ताकि कोई बूथ अछूता न रह जाए। भाजपा नेताओं का कहना है कि जनांदोलन यात्रा का मुख्य उद्देश्य पार्टी का जनाधार बढ़ाना और कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगाना है।

अशोक सिंह अध्यक्ष, नितिन शर्मा महासचिव निर्वाचित

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार सिंह ने जीत दर्ज की है। महासचिव पद पर नितिन शर्मा ने विजय हासिल की है। अध्यक्ष पद पर दूसरे स्थान पर अनिल तिवारी रहे हैं, जबकि महासचिव पद पर विक्रांत पांडेय दूसरे स्थान पर रहे हैं। बाकी पदों की मतगणना जारी है। शाम पांच बजे तक सारे पदों का परिणाम आने की संभावना है। मुख्य चुनाव अधिकारी सीनियर एडवोकेट अनिल भूषण, उप चुनाव अधिकारी एडवोकेट वशिष्ठ तिवारी व एडवोकेट महेंद्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में सोमवार को सुबह 10 बजे लाइब्रेरी हॉल में अध्यक्ष पदों की मतों की गणना शुरू हुई। अभी तक 67 राउंड की मतगणना हो चुकी है, जिसमें कुल 6690 मतपत्रों की गणना हुई है। इनमें अध्यक्ष के अलावा महासचिव के मत भी शामिल हैं। न्यू स्टडी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव महिला के पदों की मतगणना कराई जा रही है। शाम 6 बजे तक कुल 2500 मतपत्रों की गणना की गई। 7 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक मतों की गणना होगी। शाम तक फाइनल चुनाव परिणाम घोषित किए जाने की उम्मीद है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पीएम आज देंगे जवाब, मोदी ने राहुल गांधी पर की कार्रवाई की मांग

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दौरान जारी गतिरोध के बाद मंगलवार को चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चर्चा के दौरान केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने गौतम अदाणी, बेरोजगारी, महंगाई, अग्निवीर के अलावा तमाम मुद्दों पर सरकार पर हमला बोला राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग इस बीच, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बीजेपी सांसद ने लोकसभा स्पीकर को एक चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने बिना सबूतों के ही पीएम मोदी पर आरोप लगाए हैं।पीएम मोदी आज लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे। बीआरएस सांसद केशव राव ने अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी समूह की अन्य कंपनियों पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर चर्चा की मांग करते हुए नोटिस दिया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विस्तृत चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन नोटिस दिया। राहुल गांधी का करारा हमला राहुल गांधी ने मंगलवार को सरकार पर कई आरोप लगाए। राहुल ने कहा कि 2014 में दुनिया के अमीरों की सूची में 609वें नंबर पर रहे अदाणी के आठ साल में ही दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन जाने के पीछे का जादू सरकार का हाथ है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि तमिलनाडु से कश्मीर तक हर जगह अदाणी-अदाणी का नाम सुनाई दे रहा है। वे जिस व्यापार में घुसते हैं, सफल हो जाते हैं। भाजपा का पलटवार वहीं, राहुल के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार भी किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कहा कि अमेठी में मेडिकल कालेज के नाम पर ली गई जमीन पर 'परिवार' ने गेस्ट हाउस बना लिया। निशिकांत दुबे ने कहा कि अदाणी, माल्या, चोकसी सब कांग्रेस की देन हैं।

आम बजट में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ, भाजपा सांसद इसे जनता के बीच लेकर जाएं- पीएम मोदी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। एक फरवरी को पेश हुए आम बजट के बाद मंगलवार को दिल्ली में भाजपा संसदीय दल



की बैठक हुई। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तमाम नेता शामिल हुए। इस दौरान मोदी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले हर बजट में गरीबों का हित केंद्र में रहा है। जेपी नड्डा ने किया पीएम का स्वागत संसदीय दल की बैठक में पहुंचने पर तमाम नेताओं ने उनके लिए तालियां बजाई। लोकलुभावन बजट पेश करने के लिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मोदी को माला पहनाकर उनका स्वागत भी किया। मोदी ने आगे कहा कि कोई भी इसे चुनावी बजट नहीं कह रहा है, हालांकि यह अगले लोकसभा चुनाव से पहले आखिरी पूर्ण बजट था विरोधियों ने भी किया बजट का स्वागत मोदी ने आगे कहा कि समग्र विकास और समाज के हर वर्ग के हितों ने इसके प्रस्तावों को संचालित किया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मोदी के भाषण का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा, ठयहां तक कि जो लोग वैचारिक रूप से भाजपा के विरोधी रहे हैं, उन्होंने भी बजट का स्वागत किया है लोगों तक बजट को लेकर जाएं सांसद सूत्रों ने कहा कि पीएम मोदी ने पार्टी के साथी सांसदों को संबोधित करते हुए मुश्किल समय में बजट लाने के लिए अपनी सरकार के प्रयास की सराहना की। पीएम ने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने सभी सांसदों से बजट को लोगों तक ले जाने के लिए भी कहा। मोदी ने कहा, ठसांसदों की ओर से यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में बजट के बारे में बात करें और लोगों को बताएं कि उनके लिए बजट में क्या है। यह बजट ऐसे समय में आया है जब दुनिया एक बड़े आर्थिक संकट से गुजर रही है।

अदाणी मुद्दे पर विपक्ष का फिर हंगामा राहुल ने केंद्र सरकार को घेरा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद

में हंगामा शांत नहीं हो रहा है। विपक्षी दलों के हंगामे के चलते इस मुद्दे पर लगातार तीसरे दिन भी संसद ठप रही। दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को बजट सत्र की कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन दोनों सदनों में कोई कामकाज नहीं हो पाया। मंगलवार को भी लोकसभा में विपक्षी दलों ने हंगामा किया। कार्यवाही शुरू हुई तो राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। संसद सत्र शुरू होने से पहले दिल्ली में बीजेपी संसदीय दल की बैठक हो रही है। ये बैठक पीएम मोदी की अध्यक्षता में हो रही है। इस बैठक में शामिल होने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, अर्जुन राम मेघवाल, अश्विनी वैष्णव, डॉ. भागवत कराड, डॉ. एस जयशंकर और वी. मुरलीधरन के अलावा कई नेता शामिल हैं। विपक्षी दल अदाणी मामले में जेपीसी जांच की मांग कर रहा है। इसको लेकर संसद के अंदर ही नहीं, बाहर भी प्रदर्शन हो रहा है। कांग्रेस ने सोमवार को अदाणी समूह को कर्ज देने वाले एलआईसी और एसबीआई के कार्यालयों के सामने देशभर में विरोध प्रदर्शन कर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश की।

डॉक्टरी की जाली डिग्री बेचने वाला शातिर गिरफ्तार, यूक्रेन से लौटे छात्रों के भी सर्टिफिकेट तैयार करने का संदेह

(आधुनिक समाचार सेवा)

देहरादून। बीएएमएस समेत अन्य जाली डिग्री बेचने वाले गिरोह के सरगना इमलाख के काले कारनामे उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि कई राज्यों में फैले हुए हैं। आरोपित से दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों के दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इमलाख रुपये लेकर किसी भी प्रदेश के विवि की डिग्री तैयार कर लेता था। इतना ही नहीं, इमलाख से मिनिस्ट्री आफ पब्लिक हेल्थ आफ यूक्रेन के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। ऐसे में केस की जांच कर रही एसआइटी को संदेह है कि कोरोनाकाल में यूक्रेन से लौटे भारतीय मूल के छात्रों के भी प्रमाणपत्र इमलाख ने तैयार किए हैं। इस बिंदू पर भी एसआइटी जांच कर रही है। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि दो दिन की पुलिस रिमांड के दौरान इमलाख से काफी जानकारियां

हासिल हुई हैं। उन्होंने बताया कि इमलाख से बड़ी संख्या में विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालय के दस्तावेज बरामद हुए हैं। साथ ही 51 जाली मुहरें भी मिलीं हैं, इनसे वह जाली डिग्रियां तैयार करता था। एसएसपी के अनुसार, जांच के दौरान एक और झोलाछाप की गिरफ्तारी हुई है। आरोपित की पहचान राजेंद्र प्रसाद उनियाल निवासी ग्राम मजगांव, चंबा, टिहरी गढ़वाल के रूप में हुई है। राजेंद्र सिंह ने भी इमलाख से बैचलर आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसन एंड सर्जरी (बीईएमएस) की जाली डिग्री छह लाख रुपये में खरीदी थी। अब तक इस प्रकरण में गिरोह के सरगना समेत 12 की गिरफ्तारी हो चुकी है। बरामद दस्तावेजों में अंकपत्र और पंजीकरण प्रमाणपत्र भी इमलाख से पुलिस ने रिमांड के दौरान बड़ी संख्या में दस्तावेज बरामद किए। इन दस्तावेजों में अलग-अलग राज्यों के विश्वविद्यालयों की मुहरें, अभ्यर्थियों के अंकपत्र, अंकपत्रों की बुकलेट, जिनमें कुछ छपे हुए और कोरे भी पाए हैं।

अनियंत्रित ट्रक से जान बचाने के लिए लगाई छलांग, गिरकर मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। गौहनिया फ्लाई ओवर पर शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक का ड्राइवर गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा। जान बचाने के लिये

क्लीनर ने दूसरी तरफ छलांग लगाई तो सर में चोट ला जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी अनुसार शनिवार सुबह रिलायंस पाइप लदा ट्रक लेकर आ रहा था। जब वह फ्लाई ओवर के पास पहुंचा तो ट्रैक का पिछला टायर फट गया। जिससे गाड़ीअनियंत्रित हो गई। इस दौरान क्लीनर जान बचाने के लिए ट्रक से कूद गया। वहीं अनियंत्रित वहां के टायर उसके पैरों के ऊपर से गुजर गए और गिरने से उसको चोटें आई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नौकरी का झांसा देकर युवती से होटल में गैंगरेप

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। कोतवाली इलाके में एक युवती को नौकरी का झांसा देकर गैंगरेप का

मामला सामने आया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके कुछ संदिग्धों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि बेनीगंज की रहने वाली युवती ने रेहान और उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को बताया कि उसे नौकरी की जरूरत थी। उसने अपना मोबाइल नंबर कई लोगों को दिया था। एक दिन रेहान अली नाम के युवक ने फोन करके कहा कि उसकी नौकरी लगवा देगा। बीते शुक्रवार को लोकनाथ इलाके में स्थित एक होटल में बुलाया। वहीं पर अपने दोस्तों के साथ गैंगरेप किया। तमंचा तानकर धमकाया था कि विरोध करने पर गोली मारकर हत्या कर देगा। इसी डर से उसने शोर नहीं मचाया।

सीएम योगी ने किया ग्लोबल वीज़ा एप्लीकेशन सेंटर का शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)

लखनऊ। सीएम योगी ने शनिवार को ञ्इए ग्लोबल वीज़ा एप्लिकेशन सेंटर का शुभारंभ किए। 24,000 वर्ग फुट में फैला यह सेंटर ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड, चेक गणराज्य, स्विट्ज़रलैंड, एस्टोनिया, हंगरी, पुर्तगाल, जर्मनी, इटली और सऊदी अरब जाने वाले यात्रियों को मदद मिलेगी। 9 फरवरी से लोगों की वीजा ऐप्लिकेशन दिल्ली के बजाय लखनऊ में स्वीकार होने लगेंगी।सीएम ने कहा कि ञ्इए ग्लोबल जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर दुनिया के लिए यूपी के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करेगा। इससे हर महीने यूरोप जाने वाले यूपी के लाखों को फायदा मिलेगा। ग्लोबल वीजा ऐप्लिकेशन सेंटर लखनऊ में खुलने से सबसे ज्यादा फायदा यूरोप जाने वाले पर्यटकों और स्टूडेंट्स को मिलेगा।लखनऊ ञ्इए ग्लोबल स्थापित करने वाला 21वां शहर बन गया है। वर्तमान में भारत के लिए दुनिया के जिन 12 देशों में पासपोर्ट और वीजा सेवाओं को यह कंपनी आउट सोर्स वीजा सेवा पार्टनर की तौर पर काम कर रही है।पासपोर्ट से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि वीजा अप्लाई करने को लेकर तीन 3 महीने से लेकर 4 महीने तक की वेटिंग आ रही थी। ऐसे में इस प्रक्रिया से यूपी से यूरोप जाने वाले लोगों को मुंबई तक चक्कर काटने पड़ते थे। हर महीने करीब एक लाख से लेकर डेढ़ लाख की संख्या में उत्तर प्रदेश से लोग यूरोप के लिए अप्लाई करते हैं। दिल्ली में अपॉइंटमेंट न मिल पाने की स्थिति में मुंबई या फिर बेंगलुरु भी जाना पड़ता था। इसकी वजह से काफी पैसे खर्च होते थे। लेकिन अब यह सुविधा लखनऊ में शुरू होने से लोगों को समय और खर्च दोनों बचेगा। इन देशों का वीजा लेकर लोग 27 शेंजेन देशों (सभी यूरोपीय देशों) की यात्रा कर सकेंगे।लखनऊ के आलमबाग स्थित ग्लोबल विजा एप्लीकेशन सेंटर खोलने से यूपी से जाने वाले प्रत्येक वीजा धारकों को एक केंद्र से ही सभी सुविधाएं मिल जाएंगे उनको तय समय पर अप्लाई मेंट मिल जाएगा और उनका वीजा की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। एक इनसे भी जा मिलने से पर्यटन में बढ़ावा भी होगा।लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, आजमगढ़, अयोध्या, प्रयागराज, मऊ, कानपुर, बरेली, लखीमपुर, उन्नाव, सीतापुर में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा।

ग्राम सभा केन में पत्र होने पर भी क्यों नही मिल रहा लाभ

(आधुनिक समाचार सेवा)

कौशाम्बी। ग्राम सभा केन में ऐसे पत्र जिन्हे सरकारी योजनाओं का लाभ पहले ही मिल जाना चाहिए था ऐसे लोग आज भी आवास योजना का लाभ नहीं पा रहें है ऐसा गांव के कुछ जिम्मेदार लोगों की वजह से हो रहा है जिससे पत्र होने के बावजूद उनका नाम लिस्ट से गायब हो जाता है वही गांव में जाकर देखा गया तो गंदगी का अंबार लगा पड़ा है ग्राम सभा में सफाई कर्मचारी नदारत है नालियों एवं जल स्रोतों के आस पास गंदगी देखने को मिली। नालियों की सफाई न होने से रास्तों में जल बह रहा है जिससे बीमारियों का भी खतरा बना है । वही गांव में खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत के लिए ग्राम प्रधान से कहने के बाद भी नल की मरम्मत नहीं कराई जा रही लोगों को पानी लाने के लिए दूसरे किसी निजी हैंड पंप लाना पड़ता है पानी। ऐसी सुविधाओ के लिए लोग क्यों हैं परेशान कौन है जिम्मेवार।

माघी पूर्णिमा स्नान पर्व सकुशल संपन्न सभी को आभार, माघ मास का कल्पवास समाप्त

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में आज दिनांक 06.02.2023 को मुख्य स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज श्री रमित शर्मा की अध्यक्षता में डी-ब्रीफिंग गोष्ठी आयोजित की गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र ञ्इए, पुलिस उपायुक्त यमुनापार दीपक भुकेर,पुलिस उपायुक्त गंगापार अभिषेक अग्रवाल,पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल व माघ मेला में नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी/अन्य इकाई प्रभारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान माघी पूर्णिमा मुख्य स्नान पर्व पर ड्यूटी के सम्बन्ध में समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारी से अनुभव साझा किये गये एवं 'प्रतिपुष्टि' का आकलन करते हुए आगामी स्नान पर्व पर उक्त तैयारियों को और अच्छे से संपादित किया जा सके के संबंध में वार्ता की गई। वरिष्ठ पुलिस

अधीक्षक माघ मेला के द्वारा कल्पवासियों के संम्बन्ध में वार्ता करते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि माघ मास का एक माह समाप्त होने पर कल्पवासी अपने गंतव्य वापस हो रहे है कल्पवासियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो सभी थाना प्रभारी विशेष ध्यान दें। मुख्य स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के सकुशल सम्पन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया गया।

प्रयागराज के क्लबों के साथ आयोजित लायंस स्पोर्ट्स मीट किलोल प्रयागराज का आयोजन किया

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। प्रयागराज के रीजन और जोन चेयरपर्सन द्वारा एवं समस्त प्रयागराज के क्लबों के साथ आयोजित लायंस स्पोर्ट्स मीट किलोल प्रयागराज का आयोजन आज बहुत ही सुंदर ढंग से किया गया। पिछले 2 माह की कड़ी मेहनत से इस कार्यक्रम का आयोजन और प्रयागराज को एक अनूठी बिजनेस डायरेक्ट्री जिसमे प्रयागराज के समस्त लायन का नाम, पता, फोन, ईमेल आदि दिया गया है बहुत ही मेहनत से प्रकाशित की गई, हमारे सभी रीजन चेयरपर्सन लायन अनिल टंडन, लायन मुकेश अग्रवाल, लायन संजय गुप्ता और लायन मंजुला श्रीवास्तव जी और साथ ही हमारे जोन चेयरपर्सन लायन मिताली दत्ता, लायन माला मिश्रा, लायन उदय चंदानी, लायन उमेश कक्कड़, लायन मनोज खत्री, लायन वासुदेव मांध्यान, लायन दीपक अग्रवाल, लायन पंकज रस्तोगी की कड़ी मेहनत एवं प्रयागराज के डिप्टी डी जी लायन सतीश टंडन जी एवं मंडल मेयर लायन अनिल जायसवाल जी के मार्गदर्शन से कार्यक्रम ने एक वृहद रूप ले लिए आप सभी को दिल से नमन और साधुवाद साथ ही धन्यवाद है लायन इरा सेठी, लायन जया खरे, लायन हिमांशु गुप्ता, लायन आर के सिंह, लायन रीता बीर, लायन प्रिया नारायण जी का जिन्होंने गेम्स आदि खिलाने में सहयोग किया। धन्यवाद है हमारे उर्जावान मंडलाध्यक्ष लायन सी ए सौरभकांत जी, मंडल की प्रथम महिला लायन राजुल कांत जी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक लायन जगदीश गुलाटी जी, पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन सतीश श्रीवास्तव जी, पूर्व काउंसिल सचिव लायन कुंवर बी एम सिंह जी, पूर्व मंडलाध्यक्ष लायन दीपक अग्रवाल जी, पूर्व मंडलाध्यक्ष लायन नितिन यशार्थ जी जिनके आशीर्वाद ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। लगभग 450 लोगों की भागीदारी खुद ये बयां कर रही थी की कार्यक्रम कितना भव्य था। पुनः एक सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोटि कोटि धन्यवाद।

आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री का जनपद आगमन 07 फरवरी को

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रतापगढ़। प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जी दिनांक 07 फरवरी को अपराह्न 5.50 बजे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग, प्रतापगढ़ आयेंगे। मंत्री सायंकाल 6 बजे से 6.30 बजे तक विकास भवन सभागार मे उद्योग बन्धु के साथ बैठक करेगें।सायंकाल 6.30 बजे से 8 बजे तक विकास कार्यो एवं जनकल्याण कार्य योजनाओं/कानून व्यवस्था की विकास भवन सभागार में समीक्षा करेगें। इसी प्रकार सायंकाल 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से भेटवार्ता/संवाद करेगें। रात्रि 9.10 बजे प्रभारी मंत्री निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ आयेगें। दिनांक 08 फरवरी को प्रभारी मंत्री जी पूर्वान्ह 9 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीगणों/कोर कमेटी के साथ बैठक करेगें। पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मंत्री जी जिला चिकित्सालय का निरीक्षण, यूथ कार्यक्रम/लैपटाप-मोबाइल वितरण कार्यक्रम/लैपटॉप-मोबाईल वितरण योजना से लाभान्वित छात्रों से संवाद करेगें, कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित लाभार्थियों के साथ संवाद,अनु0 जाति/जनजाति बस्ती का निरीक्षण/चौपाल, हर घर नल योजना का निरीक्षण व निराश्रित गो-वंश प्रबन्धन एवं गौ आश्रय स्थल/अमृत सरोवर (तालाब) का स्थलीय निरीक्षण करेगें।अपराह्न 3 बजे मंत्री लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 08 मामलों का मौके पर किया निस्तारण

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान

दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 125 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 125 शिकायतों में से 50 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 41, विकास विभाग से 07, विद्युत विभाग से 15 एवं 12 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुये शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। उन्होने कहा कि समस्याओं का निराकरण गुणवत्तापूर्ण किया जाये ताकि फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम मौके पर जाकर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुये निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त जनसामान्य शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करें। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कोतवाली नगर का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोतवाली परिसर के भवनों का देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

थाना कौंधियारा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। थाना कौंधियारा पुलिस द्वारा आज दिनांक 06.02.2023 को अभियुक्त धीरज सिंह पुत्र अमर सिंह उर्फ बीरबल निवासी शान्ति नगर सेमरी थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज को कृष्णा विद्यालय नहर पुलिया के पास बहद ग्राम सेमरी से गिरफ्तार कर कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कौंधियारा में मु0अ0सं0 024/2023 धारा 8/20 ऽझ्एर्ंण्ऊ पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त** धीरज सिंह पुत्र अमर सिंह उर्फ बीरबल निवासी शान्ति नगर सेमरी थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज, उम्र 20 वर्ष **पंजीकृत अभियोग-** 024/2023 धारा 8/20 ऽझ्एर्ंण्ऊ थाना कौंधियारा, प्रयागराज **बरामदगी-** 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा **गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-** 1.उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार यादव थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज 2. का0 राहुल सिंह थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज 3. का0 विशाल सिंह थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज।

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अदद अवैध देशी बम बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर देवघाट मोड के समीप थाना क्षेत्र धूमनगंज से अभियुक्त रघुनन्दन चौहान पुत्र चौधरी सिंह चौहान नि0 शाह उर्फ पीपलगांव थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 02 अदद अवैध देशी बम बरामद किये गये। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना धूमनगंज में मु0अ0सं0 71/2023 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** रघुनन्दन चौहान पुत्र चौधरी सिंह चौहान नि0 शाह उर्फ पीपलगांव थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज, उम्र 24 वर्ष **बरामदगी का विवरण** 02 अदद अवैध देशी बम **पंजीकृत अभियोग का विवरण-** मु0अ0सं0 71/2023 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 थाना धूमनगंज **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1.उ0नि0 अखण्ड प्रताप सिंह थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज 2.का0 धनन्जय शर्मा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज।

अवकाश में भी छात्रों को समय देने वाले शिक्षक सम्मानित

(आधुनिक समाचार सेवा)

कौशाम्बी। वर्ष भर विद्यालय धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार कौशांबी में अवकाश की अवधि में व प्रत्येक रविवार को सबसे अधिक गणित की क्लास लेने वाले शिक्षक श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय जी को प्रधानाचार्य डॉ रामकिरण त्रिपाठी जी द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उप जिलाधिकारी सिराथू के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।जिसमे उन्हे प्रदत्त अंगवस्त्र प्रदान किया गया। पाण्डेय जी गणित के शिक्षक है जिन्हे विद्यार्थी सरलता से समझ पाते है। जिससे गणित विषय में बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों का परिणाम क्षेत्र में व जिले में अव्वल रहता है।

यूपी रोडवेज के रीजन की बसों में बढ़ा हुआ किराया सोमवार की रात 12 बजे से लागू हो गया

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। यूपी रोडवेज के रीजन की बसों में बढ़ा हुआ किराया सोमवार की रात 12 बजे से लागू हो गया। हालांकि इसका असर मंगलवार की सुबह से ही दिखेगा, क्योंकि तमाम रोडवेज कंडक्टर के पास मौजूद ईटीएम (इलेक्ट्रानिक टिकट मशीन) में नया किराया अपडेट नहीं था। हालांकि रोडवेज प्रशासन ने दावा किया ईटीएम में नया किराया फीड किया जा रहा है। फिलहाल नया किराया लागू होने के बाद अब साधारण श्रेणी की बसों में लखनऊ जाने के लिए यात्रियों को 52 रुपये ज्यादा देने होंगे। पहले लखनऊ का किराया 252 था जो अब 304 हो गया है। दरअसल राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में पिछले माह ही 25 पैसा प्रति किमी किराया बढ़ाने का निर्णय हुआ था। अभी तक साधारण श्रेणी की रोडवेज बसों में किराया प्रति किमी 1.05 रुपये था, जो बढ़कर 1.30 प्रति किमी किया गया है। इसके पूर्व किराये में वृद्धि वर्ष 2020 में 20 पैसा प्रति किमी के हिसाब से की गई थी। उधर सोमवार की शाम ही रोडवेज मुख्यालय से अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूणा गर्ग की ओर से सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को जारी पत्र में तत्काल प्रभाव से किराया बढ़ाए जाने का निर्देश दिया। क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि आदेश मिलने के बाद ही ईटीएम में नया किराया फीड करने का काम शुरू कर दिया गया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं प्रयागराज जिला महानगर उद्योग व्यापार मंडल के सुनहरे 50 वर्ष

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पंजी0 एवं प्रयागराज जिला/महानगर उद्योग व्यापार मंडल के 50,वर्ष पूर्ण होने पर 24,दिसंबर2023 को ठस्वर्णजयंतीवर्षठ पर दीपोत्सव से कार्यक्रम आयोजित होंगे, यह जानकारी संरक्षक/नगरध्यक्ष राजीवकृष्णश्रीवास्तव बंटी भैया मुख्य वक्ता के रूप में दी, संचालक जिलाध्यक्ष अनूप वर्मा ने होटल वशिष्ठ में बैठक में वार्ता करते हुए बताया कि उक्त सभी आयोजनों में पर निस्तारण, देश के सबसे प्राचीनतम व्यापारिक संगठन के इतिहास एवं सफलताओं के बारे में अवगत कराते हुए संपर्क कर व्यापारी हेल्पलाइन 7030030361,नंबर पर मिस्ड कॉल करा उन्हे संगठन से जोड़ा जाएगा,

शुरू होकर पूरे वर्ष मनाया जा रहा हैं,जिसके अंतर्गत दीपोत्सव,माघ मेले में लगातार बंधवा हनुमान मंदिर पर हवन पूजन आरती सहित विशाल भंडारा,बसंत पंचमी पर संगठन ने कम्बल आदि वितरित कर विभिन्न स्थानों पर भोजन/भंडारा आयोजित किया गया, वृद्ध आश्रम में भी सेवाएं दी गई, ब्लड डोनेशन कैंप/आई कैंप भी आयोजित किए जाने की तयारी चल रही है जिसके संयोजक महानगर कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी और जूही जायसवाल महिलाध्यक्ष होगी, इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के 310 तहसीलों सहित जनपद प्रयागराज मे भी भव्यता के साथ कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक केसरवानी नगर महामंत्री निखिल पांडेय, महिला जिलाध्यक्ष एड0 जूही जयसवाल,नगर युवाध्यक्ष गौरव करवरिया,पंकज श्रीवास्तव महामंत्री अंकित गुप्ता आदि व्यापक सहयोग मिल रहा है जिससे सभी आयोजनों में संगठन को अपार सफलता प्राप्त हो रही है,आगे संरक्षक अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव बंटीभैया एवं जिला अध्यक्ष अनुप वर्मा ने बताया कि 6 फरवरी से 28 फरवरी 2023 तक पदाधिकारियों गण समूहो में क्षेत्रीय व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर जाकर उनके समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर हर स्तर जिसके उपरांत मार्च महीने से ठव्यापारी स्वाभिमान यात्राठ मे सम्मिलित डिजिटल स्वर्ण रथ के साथ संपूर्ण उत्तर प्रदेश में भ्रमण करेगी, जिसका कौशांबी से प्रयागराज तक आगमन ङव्यापारिक नववर्ष 1,अप्रैल 2023,को होगा, जो दो दिन पूरे जनपद में भ्रमण करेगी जिसका जगह-जगह स्वागत द्वार एवं व्यापारियों के द्वारा स्वागत किया जाएगा सितंबर माह में कानपुर मे एक ङठव्यापारी महाकुंभठ प्रदेश स्तर का आयोजन होगा 24/25,दिसंबर 2023 को बरेली में दो दिवसीय विशाल सम्मेलन का आयोजन के साथ स्वर्ण जयंती वर्ष का समापन किया जाएगा।

साधु-संतों और कल्प वासियों का पुलिस प्रशासन को आभार

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। प्रयागराज के संगम तट पर आस्था व पुण्य के लिये तम्बुओं की नगरी मे माघ मास महीने में लाखों साधु सन्त व कल्पवासी पूजन-भजन के साथ मां गंगा की गोद में कल्पवास करते हैं। पूर्वा फाल्गुनी व सुकर्मायोग लगने से आज त्रिजटा स्नान पर्व, जो साधु संतों, कल्पवासियों के लिये महत्वपूर्ण होता है, पर हजारों कल्पवासियों और साधु संतों ने आस्था की डुबकी लगाई। जो साधु सन्त व कल्पवासी माघी पूर्णिमा स्नान के बाद दिशा शूल मानते है और कल्पवास के लिये रुके रहते है वह त्रिजटा स्नान कर मेला क्षेत्र से अपने गन्तव्य को वापस हो जाते है।

प्रयागराज के खुल्दाबाद नगर निगम जोन का इंस्पेक्टर घूस लेते पकड़ा गया



(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा, आरोपी को छुड़ाने में टीम के साथ हुई धक्का-मुक्की प्रयागराज के खुल्दाबाद नगर निगम जोन ऑफिस में तैनात एरिया इंस्पेक्टर हिमांशु कुमार को रिश्वत लेते हुए ऐंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा। ऐंटी करप्शन टीम जब रिश्वत खोर नगर निगम के एरिया इंस्पेक्टर को हिरासत में लेकर खुल्दाबाद थाने जाने लगी तो खुल्दाबाद नगर निगम ज़ोन ऑफिस के कर्मचारियों ने आरोपी को छुड़ाने के जमकर प्रयास किया। काफी देर तक हंगामा होता रहा। टीम के साथ कर्मचारियों ने धक्का-मुक्की भी की। किसी तरह ऐंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेने वाले आरोपी को खुल्दाबाद थाने लेकर पहुंची। आरोपी के खिलाफ भ्र्ष्टाचार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कल उसे कोर्ट में पेश करेगी। उसपर मकान का नंबर देने के नाम पर 10 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप है। जैसे ही आरोपी ने रिश्वत के पैसे अपने हाथ में लिए एंटी करप्शन की टीम ने उसे रंगों हाथों गिरफ्तार कर लिया।

त्योहार एवं परीक्षाओं के कारण 31 मार्च तक रहेगी निषेधाज्ञा

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रतापगढ़।18 फरवरी को महाशिव रात्रि एवं 07/08 मार्च को होली व 30 मार्च को रामनवमी के त्योहार के कारण जनपद में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इसके अलावा डा0 रा0म0 लोहिया विश्वविद्यालय एवं उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद, सीबीएससी बोर्ड, पालीटेक्निक, आईटीआई आदि विभिन्न परीक्षायें सम्पन्न होनी है। साथ ही आसन्न नगर निकायों के निर्वाचन के दृष्टिगत त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरते जाने व परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन, शुचिता व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत जनपद में 31 मार्च 2023 तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। उन्होने कहा है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नही कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, एक नली बन्दुक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू, बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नही चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथ बैंक में लगे हुये सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को उनके सहारे के रूप में लाठी या डंडा लेकर चलने की छूट रहेगी। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डीजे,गीत- संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नही किया जायेगा जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नही किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलायी जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह किसी प्रकार की नारेबाजी, उत्तेजना फैलाने वाले या सम्प्रदायिक सद्भाव विगाड़ने वाले प्रचार नहीं करेगा।

सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकेनिक — कम्प्युटर हार्डवेयर

Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com



प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

काला जंग दांव ने अखाड़े से अंगद का पाँव उखाड़ दिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। उप जिलाधिकारी ओबरा ने जिलाधिकारी के आदेश पर दिनांक 2 फरवरी 2023 को लेखपालों का ट्रांसफर किया। इस ट्रांसफर के लिए जमकर नूराकुश्ती देखने को मिली। काला जंग रेसलिंग की दुनियां का एक ऐसा अचूक दांव। जिसने बिल्ली मारकुंडी के अखाड़े में अंगद का पाँव बन चुके लेखपाल का पाँव उखाड़ दिया। काला जंग पहलवानी की दुनियां का एक ऐसा दांव, जो सही पड़ा तो पहलवान चारो खाने चित। फिर तो वह चाहे अंगद का पाँव ही क्यों न हो। आखिर बिल्ली मारकुंडी के अखाड़े में काला जंग दांव ने अंगद का पाँव बन चुके पहलवान को चित कर ही दिया। बिल्ली मारकुंडी का लेखपाल अंगद का पांव बन चुका था। लगातार ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी कुछ नहीं हो रहा था। जब कोइ लेखपाल बिल्ली मारकुंडी पोस्टिंग के लिए सिफारिशन भाग दौड़ करता था तो, सिंडिकेट हस्तक्षेप से कि लेखपाल पागल हो गया गूलर का फूल मांगता है। खैर लेखपाल की शिकायत मिलने पर राज्य सभा सदस्य ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर लेखपाल के ट्रांसफर की गुजारिश की थी। इसके बाद भी लेखपाल का बाल बांका नहीं हो सका था। सोनभद्र से लेकर लखनऊ तक लेखपाल अरुणोदय पांडे की पैरवी हो रही थी। एसडीएम ओबरा की जांच पत्र में खननकर्ताओं के साथ दुरभिसन्धि करके अपराध कारित करने का गंभीर आरोप भी लेखपाल पर लगा। एसडीएम ओबरा का यह पत्र सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। परन्तु इसके बाद भी बिल्ली मारकुंडी खनन सेक्टर का लेखपाल अंगद का पाँव बन रहा। जब गेंद पत्रकारों के पाले में गई, तब जाकर लेखपाल के कारनामों का कच्चा चिट्ठा समाज के सामने बेनक़ाब होने लगा। समय की शिला पर खड़ी जनता सोच रही थी कि भ्र्ष्टाचार के गंभीर आरोप लगने के बाद एवं उच्च सदन के सदस्य की सिफारिश के बाद भी एक लेखपाल का ट्रांसफर क्यों नहीं हो पा रहा है। मीडिया के मोर्चा संभालते ही विवश होकर प्रशासन ने अंगद का पाँव बन चुके लेखपाल का ट्रांसफर बिल्ली मारकुंडी से कनछ कर दिया। वहीं कनछ से लेखपाल ओम प्रकाश सिंह का तबादला बिल्ली मारकुंडी कर दिया गया। ओम प्रकाश सिंह अपनी साफ सुथरी छवि के लिए जाने जाते हैं। बाल्यवस्था से ही वह संघ की शाखाओं में जाते रहे हैं। वहीं उनका परिवार कई पीढ़ियों से गोरखनाथ पीठ से जुड़ा हुआ है। मंदिर में गुरु गोरखनाथ जी द्वारा जलाई अखण्ड ज्योति त्रेतायुग से आजतक अनेक झंझावातों के बाद भी अखण्ड रूप से जलती आ रही है। लेखपाल ओम प्रकाश सिंह का परिवार कई पीढ़ियों से इस अखण्ड ज्योति के प्रकाश पुंज के पुण्य प्रताप के दर्शन करने गोरखनाथ पीठ जाता रहता है। उम्मीद लगाई जा रही है कि अवैध खनन के लिए दुरभिसंधि करके अपराध कारित करने वाले लेखपालों की जो परिपाटी बिल्ली मारकुंडी खनन बेल्ट में चल रही थी, उस सिलसिले पर अब पूर्ण वीराम लग जाएगा। मीडिया ने जब अवैध खनन के खेल को उजागर किया तब जाकर लेखपाल अरुणोदय पांडे के कारनामें उजागर होने शुरू हुए। इससे जिला प्रशासन एवं योगी सरकार की जग हसाई होने लगी। अन्तोगत्वा अंगद का पाँव बन चुके लेखपाल का पाँव उखड़ ही गया। काफी अरसे बाद बिल्ली मारकुंडी के लेखपाल के ट्रांसफर और पोस्टिंग का रिमोट कंट्रोल खनन सिंडिकेट के हाथों से छिना। अरुणोदय पांडे लेखपाल को बिल्ली मारकुंडी में जमाये रखने के लिए जिलाधिकारी पर जमकर दबाव डाला गया। इसमें मंत्री और विधायक सिंडिकेट के इशारे पर लगातार दबाव बना रहे थे। मीडिया में लगातार किरकिरी होने के चलते नटोरियस लेखपाल अरुणोदय पांडे को आखिरकार अपना बोरिया बिस्तर बांधकर बिल्ली मारकुंडी खनन बेल्ट से जाना ही पड़ा। खनन सेक्टर में चर्चा ए आम है कि लेखपाल अरुणोदय पांडे को खनन सिंडिकेट के बदौलत बसपा के एक मात्र लसड़ा विधायक उमाशंकर सिंह का वरदहस्त प्राप्त था। गोयल जी से उमाशंकर सिंह की गलबहियां दारुल शिफा से लेकर लोकभवन तक चर्चा ए आम है। लखनऊ के गलियारों में चर्चित लेखपाल अरुणोदय पांडे की पैरवी करते हुए खनिज विभाग के पुराने मठाधीश डीके शर्मा भी देखे गए। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी कठिन डगर है बिल्ली मारकुंडी की। सिंडिकेट के वर्चस्व को तोड़ते हुए वर्षों बाद सिंडिकेट की मर्ज़ी के बगैर किसी लेखपाल को गूलर का फूल मिला है।



बिल्ली मारकुंडी के ग्राम प्रधान से क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने चंदा एकत्र कर कराई नाली सफाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
डाला/सोनभद्र। विकासखंड चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के ग्राम प्रधान से उग्र ग्रामीणों ने भुगतान हमारे द्वारा कर दिया जाएगा गंदगी से उग्र ग्रामीणों ने अपनी अपनी विचारधाराओं को बताते हुए बताया कि इस तरह की

स्वयं चंदा एकत्रित कर नाली सफाई का कार्य चालू करा दिया ऐसे में ग्रामीणों ने बताया कि लगभग नाली बनने से लेकर आज तक ग्राम प्रधान द्वारा नाली की सफाई की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई नाली जाम होने से गंदी नालियों में कूड़ा करकट सड़ रहा है जिससे तरह तरह की बीमारी होने की आशंका उत्पन्न होने लगी है ऐसे में ग्रामीण सुनील तिवारी द्वारा ग्राम प्रधान से नाली साफ करने की बात की गई जिसमें ग्राम प्रधान रेखादेवी के पति अमरेश यादव ने बताया कि हमारे गांव में मात्र एक सफाई कर्मी मौजूद है जिसके वजह से गांव में कार्य करने की लिए दिक्कत हो रही है और आप नाली साफ करवा दीजिए तथा बिल बनवा दीजिए जिसका व्यवस्था से हम लोग छुब्ध हैं पता नहीं कब हम लोगों की सुनवाई होगी आपको बताता चलूं की संबंधित वार्ड में ही नाली का पानी सड़क पर आ रहा था जिसको लेकर प्रधान बनने से आज तक शिकायतें होती रही लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी अत्यधिक शिकायतों को देखते हुए ग्राम प्रधान द्वारा मात्र 50 मीटर नाली की सफाई कर खानापूर्ति कर दिया गया जो लगभग 15 से 20 दिन पानी तो बंद रहा। लेकिन वर्तमान में भी सड़क पर पानी आना पुनः प्रारंभ हो गया जिससे पुणे ग्रामीण परेशान हो गए अस्थाई रूप से निवारण करने का कोई भी प्रावधान ग्राम पंचायत द्वारा नहीं किया जा रहा है।

दिशिता महिला मंडल द्वारा वाटर कूलर एवं प्यूरीफायर का शुभारम्भ

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनपरा सोनभद्र। दिशिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गर्मी की तपन शुरू होने से पूर्व ही बच्चों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए उन्हें गर्मी में शुद्ध शीतल पेयजल की प्राप्ति हो इसके लिए प्राथमिक पाठशाला में वाटर कूलर व प्यूरीफायर लगाया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती इन्दू यादव द्वारा फीता काट कर वाटर कूलर व प्यूरीफायर का शुभारम्भ किया गया साथ ही उन्होनें कहा कि इस पाठशला में अधिकांश बच्चे निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आते है जिनके स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए यह वाटर कूलर व प्यूरीफायर काफी उपयोगी साबित होगी। इसके पूर्व प्राथमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय ने दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती इन्दू यादव का स्वागत करते हुए दिशिता महिला मंडल के किये हुए कार्यो की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिशिता महिला मंडल कि सचिव ऋतु हर्षवर्धन, बबीता सिंह, सपना तिवारी, तपस्वनी नायक, आशा सैनी, विभा सिंह, व अन्य सदस्यायें का सराहनीय सहयोग रहा।

लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्त सहित लूटी गयी स्वीफ्ट डिजायर वाहन हुई बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। प्रकरण- वादी तेजाबुद्दीन अंसारी पुत्र इस्लाम शेख निवासी निमियाडीह, थाना गढवा, जनपद गढवा (झारखण्ड) द्वारा सूचना दी गयी कि दिनांक-03.02.2023 की सांय गढवा रंका मोड़ से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गुरमुरा मोड़ ले जाने

हेतु किराये पर उसकी स्वीफ्ट डिजायर कार को बुक किया गया पर जब वह हाथीनाला टोल प्लाजा क्रास किया तो पेशाब करने के बहाने गाड़ी रोकवाकर असलहे के बल पर लूट की घटना कारित की गयी । इस तहरीर के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0स0 16/2023 धारा 392 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था । घटना के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी नगर सोनभद्र के निर्देशन में घटना का सफल अनावरण करने हेतु अपराध शाखा की स्वाट/एसओजी/सर्विलांस व थाना चोपन की टीम गठित की गयी । इस टीम द्वारा घटना के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अथक/लगन एवं परिश्रम से आसूचना संजाल तैयार किया गया । इसी क्रम में उपरोक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 06.02.2023 को प्रातःसिन्दूरिया खैरटिया तिराहा चोपन से घटना से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. रिकेश सिंह उर्फ बस्तिया पुत्र विजय कुमार सिंह पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी सेक्टर 10 नई बस्ती थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, 2. आशीष कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र महेश सिंह निवासी सेक्टर 10 नई बस्ती थाना ओबरा जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया एवं घटना में लूटा गया वाहन नं0 व्् 14 3-9368 (स्वीफ्ट डिजायर) कार बरामद किया गया । अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी ।पूछताछ का विवरण - अभियुक्तगण से पूछताछ पर अभियुक्तगणो ने बताया कि हमारे गिरोह मे हम दोनो के अतिरिक्त 02 और लोग है जिनका नाम सुशील कुमार उर्फ गुरु उर्फ रितेश पुत्र बैजनाथ राम निवासी ढाचाबार, थाना पाण्डू, जनपद पलामू (झारखण्ड) तथा दिलीप कुमार पासवान पुत्र संजय पासवान निवासी बासडीह खुर्द, थाना केतार, जनपद गढवा (झारखण्ड) है । सुशील कुमार उर्फ गुरु उर्फ रितेश उपरोक्त हमारे गिरोह के सरगना है, हम लोगों ने आपस मे प्लान के तहत गढवा से वाहन सं0 व्् 14 3-9368 (स्वीफ्ट डिजायर) कार को किराये पर लेकर आये थे तथा मालोघाट टोल टैक्स के आगे पेशाब करने के बहाने नीचे उतरे तथा हमारी टीम के सरगना सुशील ने चालक के मुह मे पिस्टल लगा कर, उसे डरा धमका कर मार पीट कर सीट के नीचे बैठा दिया । उसके बाद गाड़ी को रिकेश उर्फ वस्तिया चला कर थाना क्षेत्र चोपन के मंगलेश्वर मार्ग के अवई नहर पर जंगल मे छोड़ कर गाड़ी लेकर ओबरा चले गये । हमारे टीम सरगना सुशील उर्फ गुरु दिनांक 06.02.2023 को सांय सासाराम बिहार में जा कर किसी बड़े व्यवसायी की हत्या / लूट करने की योजना है । मेरे दोनो साथी सुशील उर्फ गुरु व दिलीप आगे जा चुके है तथा हमे बिहार/ झारखण्ड के बार्डर पर गाड़ी लेकर बुलाये थे । उन्ही के बताये अनुसार हम लोग जा रहे थे कि पकड़ लिये गये । **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1. रिकेश सिंह उर्फ वस्तिया पुत्र विजय कुमार सिंह पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी सेक्टर 10 नई बस्ती थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र 24 वर्ष। 2. आशीष कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र महेश सिंह निवासी सेक्टर 10 नई बस्ती थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र 19 वर्ष । **फरार/वांछित अभियुक्तगण-** 1. सुशील कुमार उर्फ गुरु उर्फ रितेश पुत्र बैजनाथ राम निवासी ढाचाबार, थाना पाण्डू, जनपद पलामू (झारखण्ड) । 2. दिलीप कुमार पासवान पुत्र संजय पासवान निवासी बासडीह खुर्द, थाना केतार, जनपद गढवा (झारखण्ड) । **बरामदगी का विवरण-** 1.एक अदद स्वीफ्ट डिजायर कार संख्या-(व्् 14 3-9368) । **गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-** 1. प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 2. निरीक्षक साजिद सिद्दिकी, प्रभारी सर्विलांस सेल, जनपद सोनभद्र । 3. निरीक्षक श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी एसओजी, जनपद सोनभद्र । 4. उ0नि0 त्रिभुवन राय, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 5. उ0नि0 आशीष पटेल, चौकी प्रभारी लोढ़ी, जनपद सोनभद्र । 6. हे0का0 चन्द्रजीत सिंह, हे0का0 दिलीप कश्यप, का0 अर्पित मिश्रा, का0 अजीत कुमार व का0 संदीप पाल थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 7. हे0का0 जगदीश मौर्या, हे0का0 अतुल सिंह, हे0का0 शशिप्रताप सिंह, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 सतीश सिंह, हे0का0 सौरभ राय, हे0का0 प्रकाश सिंह, का0 अमित सिंह, का0 अजीत, का0 रितेश एवं का0 प्रेमप्रकाश चौरसिया क्राइम ब्रांच टीम सोनभद्र ।

चोपन थाना क्षेत्र के प्रीत नगर के पास दो बाइकों की टक्कर में 4 लोग हुए गंभीर रूप से घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र के प्रीत नगर अग्रवाल प्रिंटिंग प्रेस पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने-सामने के जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार सभी राजू मौर्य अजय विश्वकर्मा 35 वर्ष, अनिल विश्वकर्मा 25वर्ष, और 24 वर्ष विकास विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष लोग गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ओबरा से चोपन आते समय एक ही भाई पर 3 लोग सवार थे वही विपरीत दिशा से एक बाइक आ रही थी जिसके कारण दोनों बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना देर रात्रि 11:30 बजे की है वहीं स्थानीय लोगों ने घायलों को निजी साधन से चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दो राजकुमार मौर्य पुत्र महेंद्र मौर्य निवासी पटवध तथा अजय पुत्र हलदेव की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।वहीं परिजनों की माने तो चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिसके बाद 108 इमरजेंसी पर कॉल करने के बाद डेढ़ घंटे तक इंतजार करते रहे मरीज वही मरीज की हालत बिगड़ता देख परिजनों द्वारा निजी साधन से जिला अस्पताल ले जाया गया वहीं परिजनों की माने तो डेढ़ घंटे तक इंतजार के बाद भी नहीं पहुंची एंबुलेंस 108 पर फोन लगाने के बाद घंटों तक वेटिंग करते रहे मरीज।

विकास खण्ड नगवां मे ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक के साथ कन्या जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। ब्लॉक नगवां के सभागार मे खण्ड विकास अधिकारी राजेश

सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय ब्लॉक बाल कल्याण एवम् संरक्षण समिति ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,महिला शक्ति केंद्र की टास्क फोर्स की बैठक आहुत किया गया बैठक मे शेषमणि दुबे ओ आर डब्ल्यू जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र द्वारा बाल मजदूरी, बाल तस्करी, बाल विवाह को रोकने के सम्बन्ध में रणनीति बनाते हुए कार्य किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिस पर समिति द्वारा सहमति की गयी बैठक के उपरांत खण्ड विकास अधिकारी महोदय द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत नवजात बालिकाओं के साथ केक काट कर कन्या जन्म उत्सव मना कर कन्याओं के माता को बेबी केयर किट का वितरण किया गया, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कहा गया कि बेटी नहीं है कर्ज, यह तो है खुशहाली का फर्ज बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक , ओ.आर.डब्ल्यू शेषमणी दुबे महिला शक्ति केंद्र से नीतू यति सिंह महिला कल्याण अधिकारी,सीमा द्विवेदी,जिला समन्वयक ,योगेंद्र यादव एप्ध् रायपुर, डॉ0 एस0के0वर्मा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगवा , रामचरण प्रसाद सहायक विकास अधिकारी, बाबुलाल बाल विकास परियोजना अधिकारी , मीना जायसवाल व अन्य कर्मचारी गण एवम बालिकाओं के माता-पिता उपस्थित रहे।

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की तैयारियां तेज, डबल लॉक में रखे जाएंगे प्रश्नपत्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की तैयारियां तेजी पर हैं। अधिकांश विद्यालयों में प्रवेशपत्र बांटे जा चुके हैं। जबकि कुछ जगहों पर इनका वितरण जारी है। प्रायोगिक परीक्षाएं हो चुकी हैं। इसके साथ ही केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं भी पहुंच गई हैं। प्रश्नपत्र की सुरक्षा को लेकर बोर्ड सतर्क है। उसने केंद्रों पर प्रश्नपत्रों को डबल लाक में रखने के निर्देश दिए हैं। इस बार परीक्षा की शुचिता को लेकर बोर्ड प्रयासरत है। उत्तर पुस्तिकाओं पर क्यूआर कोड डाला गया है। ताकि वे पूरी तरह से सुरक्षित रहें। इसी प्रकार

केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक कर जिला विद्यालय निरीक्षक ने उनको सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिया। कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी में पूरी परीक्षा होगी। इस बार बोर्ड की परीक्षा में जिले के 119 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 76462 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसमें हाईस्कूल में 42657 व इंटरमीडिएट में 33462 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। राजकीय इंटर कालेज में बना जनपदीय नियंत्रण कक्ष से जिले के सभी परीक्षा केंदों को जोड़ दिया गया है। इसका प्रायोगिक परीक्षाओं के दौरान परीक्षण भी कर लिया गया है। इस बार परीक्षा की शुचिता को लेकर बोर्ड प्रयासरत है।

पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर अपराधी गिरफ्तार ,मोटरसाइकिल पिस्तौल व खोखा बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। थाना चोपन डाला स्थित बग्घानाला के पास बीती रात करीब डेढ़ बजे के आसपास बदमाशो से मुठभेड़ में चोपन एसएचओ की गाड़ी पर हुई फायरिंग में बाल बाल बचे थे। संबंधित घटना बीते 3 फरवरी चोपन डाला सोनभद्र क्राइम ब्रान्च सोनभद्र व थाना चोपन पुलिस के मुठभेड़ में 01 नफर हार्डकोर अपराधी/पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, घटना मे प्रयुक्त 01 अदद पिस्टल एवं 01 अदद जिंदा व 02 अदद खोखा कारतूस एवं एक अदद मोटरसाइकिल बरामद-प्रकरण- अवगत कराना है कि दिनांक 03.02.2023 को थाना चोपन क्षेत्र के मालोघाट टोल प्लाजा के पास हुए लूट के सम्बन्ध में वादी मुकदमा श्री तेजाबुद्दीन अंसारी पुत्र इस्लाम शेख निवासी निमियाडीह थाना गढवा जनपद गढवा झारखण्ड की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 16/2023 धारा 392 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था । उक्त अभियोग मे दिनांक 06.02.2023 को घटना का सफल आनावरण करते हुए घटना में लूटी गयी स्वीफ्ट डिजायर कार को 02 नफर अभियुक्त के साथ बरामद कर अभियुक्तगणो को जेल भेजा गया था तथा गिरफ्तार अभियुक्तगणो के बयान के आधार पर उनके दो अन्य साथी के गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा 02 नफर फरार अभियुक्तगणों पर 25,000-25,000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था । पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी नगर सोनभद्र पर्यवेक्षण में घटना से सम्बन्धित फरार अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु क्राइम ब्रान्च सोनभद्र व थाना चोपन पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी । इस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर चेकिंग की जा रही थी, आज दि0 07.02.2023 को बीती रात्रि समय 02.20 बजे बग्घानाला पर चेकिंग अभियान के दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया जिसपर पुलिस टीम की जबावी कार्यवाही में 01 नफर हार्डकोर अपराधी/ पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 01 अदद पिस्टल एवं जिंदा व खोखा कारतूस व एक अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया । **पूछताछ से प्राप्त तथ्य -** अभियुक्तगणों से पूछताछ में तथ्य प्रकाश में आया

कि सुशील कुमार राम उर्फ रितेश उर्फ नितेश उर्फ खतरे उर्फ गुरु पुत्र बैजनाथ राम निवासी ढांचाबार थाना पाण्डू जनपद पलामू झारखण्ड एक हार्ड कोर क्रिमिनल है । इसने अपने कुछ साथियो का गिरोह बना रखा है, जो नक्सली गतिविधि में संलिप्त है । जिसके सक्रीय सदस्य दिलीप पासवान उर्फ दीपक पुत्र संजय पासवान निवासी गढ़वा झारखण्ड तथा रिकेश सिंह उर्फ वस्तिया निवासी नई बस्ती ओबरा जनपद सोनभद्र व आशीष कुमार उर्फ गुड्डू निवासी ओबरा सोनभद्र का एक गैंग बना रखा था । इस गैंग की एक प्लानिंग थी कि पुरानी माडल की गाड़ी को लूट कर दिनांक 06.02.2023 को सांय को सासाराम बिहार में जाकर एक बड़े व्यवसायी की लूट/ हत्या करने की योजना थी, किन्तु दो साथी रिकेश व आशीष दिनांक 06.02.2023 को लूटी गयी कार के साथ गिरफ्तार कर लिये गये थे जिसके कारण से कल की इन लोगो की योजना असफल हो गयी थी । इस योजना में असफल होने पर दोनो चोपन बग्घा नाला होते हुए ओबरा व झारखण्ड जा रहे थे कि दिनांक 07.02.2023 को रात्रि 02.00 बजे पुलिस टीम के साथ मूठभेड़ हुई, जिससे 02 अपराधी पकड़े गये ।

13 वर्षीय नाबालिग के साथ अपहरण करने के पश्चात दुष्कर्म करने वाले गोविंद को 15 वर्ष कि कैद

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। साढ़े 10 वर्ष पूर्व 13 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी (सीएडब्लू) सोनभद्र आशुतोष कुमार सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी गोविंद उर्फ कल्लू को 15 वर्ष की कैद व 80 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अपहरण के दोषी शिवगुलाम व सरोज को दोषसिद्ध पाकर 7- 7 वर्ष की कैद व 30- 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2- 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की आधी धनराशि 70 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। इअभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपने अधिवक्ता के जरिए 11अक्तूबर 2012 को कोर्ट में दिए धारा 156(3) सिआरपीसी के प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव की सरोज पुत्री प्रेम कुमार अपने साथ 2 अक्तूबर 2012 को शाम 7 बजे पोखरा पर लेकर गई थी। उसने मोबाइल से राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के सहिजन कला गांव निवासी गोविंद उर्फ कल्लू पुत्र लालजी को बुलाई। गोविंद ने उसे 8 हजार रूपये दिया और उसकी बेटी को गोविंद के हवाले कर दिया। गोविंद बेटी को लेकर राबर्ट्सगंज में अपने साली के यहां ले गया और रात भर रखा था। सुबह राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मडरा गांव निवासी शिवगुलाम पुत्र रामजियावन को गोविंद ने बुलाया और उसके साथ रेलवे स्टेशन राबर्ट्सगंज ले गया और 5 हजार रूपये शिवगुलाम को देकर भेज दिया। उसे ट्रेन से विंध्याचल ले गया और कमरा लेकर दो दिन रखा था। इस दौरान उसकी बेटी के साथ चार बार जबरन बलात्कार किया है। बेटी भय की वजह से कुछ नहीं कर पाई। इसकी जानकारी होने पर थाने को सूचना दिया, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब सोनभद्र एसपी को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने 7 नवंबर 2012 को एफ आई आर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी गोविंद उर्फ कल्लू को 15 वर्ष की कैद व 80 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अपहरण के दोषी शिवगुलाम व सरोज को 7- 7 वर्ष की कैद व 30- 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

भारतीय बल्लेबाजों को सताया डर अभ्यास के समय एक या दो नहीं बल्कि 9 स्पिनर्स का लिया सहारा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नागपुर। नागपुर टेस्ट में रैंक टर्नर पिच बनाने का दांव कहीं उलटा न पड़ जाए, इसलिए टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने मंगलवार को स्पिनरों के गेंदबाजी पर जमकर अभ्यास किया। भारतीय टीम ने नौ स्पिनरों के साथ अभ्यास किया। रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव पांच दिनों के मैच के लिए अपनी ऊर्जा बचाते दिखे तो वही ऑफ स्पिनर पुलकित नारंग और जयंत यादव के साथ-साथ लेग स्पिनर राहुल चाहर और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर और सौरभ कुमार ने भारतीय बल्लेबाजों को अभ्यास कराया।भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अभ्यास सत्र में गिल के साथ काफी समय बिताया। कोच ने इस दौरान इस युवा खिलाड़ी को स्वीप शाट के दौरान गेंद को नीचे रखने के तरीके बताए। गिल को इसके बाद क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप की देखरेख में फारवर्ड शार्ट लेग पर कैच का अभ्यास करते हुए देखा गया। भारत की अंतिम एकादश को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है लेकिन गिल की शानदार लय को देखते हुए उन्हें मौका मिलने की संभावना ज्यादा है।

विराट कोहली के पास सचिन तेंदुलकर के महा रिकॉर्ड को तोड़ने का सुनहरा मौका, लंबे अरसे से फैंस को है इंतजार

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 फरवरी से चार मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होगा। दोनों देशों के बीच सीरीज का पहला टेस्ट नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए आगामी सीरीज महत्वपूर्ण रहने वाली है और उनके पास महान सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ने का शानदार मौका है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर

ट्रॉफी की शुरुआत 1996 में हुई और तब से दोनों देशों के बीच कुल 15 टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी हैं। भारत के महान बलेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा शतक जमाने का रिकॉर्ड दर्ज है। तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 65 पारियों में 9 शतक जमाए हैं। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 36 पारियों में सात शतक जमाए हैं।

41 साल की उम्र में पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर ने लिया संन्यास अब संभालेंगे बड़ी जिम्मेदारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। पाकिस्तान के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले

लिया है। अकमल का नाम राष्ट्रीय चयन समिति में शामिल किया गया है और वो अपना पूरा ध्यान नई भूमिका पर लगाना चाहते हैं। कामरान अकमल ने 2017 तक पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। कामरान अकमल को पाकिस्तान सुपर लीग की फ्रेंचाइजी पेशावर जल्मी ने टूर्नामेंट के आठवें सीजन के लिए टीम से बाहर कर दिया। अकमल ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपने फैसले की जानकारी दी। अकमल ने कहा, 'निश्चित है कि पीसीबी में नई भूमिकाओं के कारण मैं अब क्रिकेट नहीं खेल पाऊंगा। मुझे नहीं लगता कि आप जब कोचिंग में आ जाओ या फिर राष्ट्रीय चयनकर्ता बनो, तो खेलने पर ध्यान लगा सकते हो। हालांकि, अकमल ने साथ ही कहा कि वो छोटी लीग में खेलने की कोशिश करेंगे, लेकिन यह उनकी जिम्मेदारी को देखते हुए निर्भर करेगी। 41 साल के अकमल ने कहा, 'मैं छोटी लीग में खेलूंगा, लेकिन पीसीबी द्वारा मुझे मिली नई जिम्मेदारी के हिसाब से निर्भर करेगा। कामरान अकमल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व किया। अकमल ने 53 टेस्ट में 6 शतक और 12 अर्धशतक की मदद से 2648 रन बनाए। उनकी औसत 30.79 की रही। वहीं कामरान अकमल ने 157 वनडे में 5 शतक और 10 अर्धशतकों की मदद से 3236 रन बनाए। उनकी औसत 26.09 की रही। अकमल ने 58 टी20 इंटरनेशनल मैचों में पांच अर्धशतकों की मदद से 987 रन बनाए। इस दौरान कामरान अकमल ने पाकिस्तान के मौजूदा कप्तान बाबर आजम की तारीफ की। अकमल ने कहा, 'बाबर आजम हमारे महान बल्लेबाजों में से एक हैं और चयनकर्ता व जल्मी के कोच के रूप में मेरा काम उनकी कप्तान व बल्लेबाज के रूप में मदद करना है। हमने इतने सालों में देखा कि उनकी बल्लेबाजी में कोई खामी नहीं हैं।' ध्यान दिला दें कि पीसीबी ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपनी नई सीनियर और जूनियर पुरुष चयनकर्ता समिति की घोषणा का हारून राशिद सीनियर समिति और कामरान अकमल जूनियर समिति की अध्यक्षता करेंगे। सीनियर समिति में पूर्व टेस्ट खिलाड़ी कामरान अकमल, यासिर हमीद और मोहम्मद समी को शामिल किया गया है। वहीं जूनियर समिति में तौसीफ अहमद, अर्शद खान, शाहिद नजीर और शोएब खान को शामिल किया गया है। यह पहला मौका है जब कामरान, यासिर और समी को राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के रूप में नियुक्त किया गया है।

फैंस का एकदम अनोखा प्यार, क्रिस गेल ने याद किया वो किस्सा जब छक्के से तोड़ दी थी लड़की की नाक

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्रिस गेल ने आईपीएल से जुड़ी एक याद ताजा की है। क्रिस गेल ने आरसीबी से जुड़े प्रशंसकों को सर्वश्रेष्ठ बताया है। उन्होंने एक

घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उनके एक सिक्स ने गलती से एक महिला प्रशंसक की नाक तोड़ दी थी। इस पर लड़की ने जोर से चिल्लाते हुए कहा था और मारो, सिक्स मारो। गेल ने जिओ सिनेमा पर होम ऑफ हीरोज शो में भारत के पूर्व खिलाड़ी रॉबिन उथप्पा से बात की। इस दौरान उन्होंने आरसीबी के साथ बिताए हुए शानदार पलों को याद किया। वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रशंसकों अटूट प्यार के बारे में बात की। गेल ने जिओ सिनेमा पर 'होम ऑफ हीरोज' शो में भारत के पूर्व खिलाड़ी रॉबिन उथप्पा से बात की। इस दौरान उन्होंने आरसीबी के साथ बिताए हुए शानदार पलों को याद किया। वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रशंसकों के प्रशंसकों के लिए अपने अटूट प्यार के बारे में बात करते हुए एक मैच में सिक्स से एक लड़की की नाक टूट जाने की घटना का जिक्र किया। क्रिस गेल ने कहा, ठगेंद दीवार से टकराकर एक युवती की नाक में जा लगी। मैं सीधे अस्पताल गया और उसे खून से लथपथ नाक और खून से सने कपड़ों में देखा। वह बोली, 'तुम उदास क्यों हो? चिंता मत करो, मारो और छक्के!' वह कितना अद्भुत था! यह दिल को छू लेने वाला पर था। अगले गेम में, हर प्रशंसक के पास एक प्लेकार्ड था जिस पर लिखा था, 'कृपया मेरी नाक तोड़ दो', जिसले मैं अस्पताल में उनसे मिलने जा सकता था।

409 खिलाड़ियों की लगेगी बोली, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना होंगी टॉप स्टार्स

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में जियो वर्ल्ड कंवेंशन सेंटर में आयोजित होगी। भारतीय

कप्तान हरमनप्रीत कौर और ओपनर स्मृति मंधाना सबसे बड़े स्टार्स में से एक रहेंगी, जबकि 409 खिलाड़ियों की बोली लगेगी। बता दें कि आगामी नीलामी के लिए 1525 महिला खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया था, जिसमें से 409 को शॉर्ट लिट किया गया। इस लिस्ट में 246 भारतीय और 163 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। सहायक देशों के आठ खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। 202 कैप्ड, 199 अनकैप्ड और सहायक देश के 8 खिलाड़ी होंगे।बता दें कि 409 खिलाड़ियों में से पांच टीमें केवल 90 खिलाड़ियों को चुनेंगी, जो डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सीजन में हिस्सा लेंगी। इसमें से 30 विदेशी क्रिकेटर्स रहेंगी। खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी रिजर्व प्राइस 50 लाख रुपये तय की गई है, जिसमें 24 खिलाड़ियों ने नाम दर्ज कराया है।इसमें भरतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर, ओपनर स्मृति मंधाना और अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता शैफाली वर्मा का नाम शामिल हैं। वहीं 40 लाख रुपये के ब्रेकेट में 30 खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया।बता दें कि डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सीजन की शुरुआत 4 मार्च से होगी और फाइनल 26 मार्च को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में 22 मुकाबले खेले जाएंगे। ब्रेबोर्न स्टेडियम और डीवाय पाटिल स्टेडियम पर सभी मुकाबलों की मेजबानी की जाएगी।

विंडीज के खिलाफ शतक जमाकर रचा इतिहास टेस्ट इतिहास के बने ऐसे दूसरे बल्लेबाज

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। जिंबाब्वे के बल्लेबाज गैरी बैलांसे ने मंगलवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन शतक जमाकर इतिहास रच दिया। बैलांसे दुनिया

के दूसरे बल्लेबाज बने, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में दो देशों के लिए शतक जमाए हैं। बैलांसे जिंबाब्वे का प्रतिनिधित्व करने से पहले इंग्लैंड के लिए खेलते थे। बैलांसे ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में पांच शतक जमाए हैं। अब जिंबाब्वे के लिए शतक जमाकर वो एकदम अलग क्लब का हिस्सा बन गए हैं। इससे पहले केपलर वेसेल्स ही ऐसे बल्लेबाज थे, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में दो देशों के लिए खेलकर शतक जमाए। वेसल्स ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया था।गैरी बैलांसे जिंबाब्वे के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 126 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यहां से बैलांसे ने अपनी रन बनाने की गति में इजाफा किया और दिन के खेल के दूसरे सत्र में शतक पूरा कर लिया। उन्होंने 189 गेंदों में अपना सैकड़ा पूरा किया। बैलांसे का जन्म जिंबाब्वे में हुआ और 2006 में उन्?होंने इस देश के लिए अंडर-19 वर्ल्ड कप भी खेला। इसके बाद वो इंग्लैंड गए, जहां यॉर्कशायर क्लब के लिए खेला। जनवरी 2014 में बैलांसे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर टेस्ट डेब्यू किया। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 23 टेस्ट खेले, जिसमें 37.45 की औसत से 1498 रन बनाए। 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नॉटिंघम टेस्ट के बाद बैलांसे की राष्ट्रीय टीम से जगह चली गई। बैलांसे की मुसीबतें तब और बढ़ गईं जब यॉर्कशायर काउंटी क्लब में हुए नस्लवाद विवाद में उनका नाम सामने आया।

अश्विन और लियोन के बीच होगी बादशाहत की जंग दांव पर होगा यह बड़ा रिकॉर्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच 9 फरवरी को नागपुर में खेला जाएगा। चार टेस्ट मैचों की सीरीज से भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहुंचने का भाग्य तय होगा। टीम इंडिया अगर ऑस्ट्रेलिया से सीरीज जीत लेती है तो वह फाइनल में पहुंच सकती है। मैच के दौरान टेस्ट क्रिकेट के दो दिग्गजों के बीच लड़ाई देखने को मिलेगी। गौरतलब हो कि भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन के बीच सर्वाधिक विकेट लेकर नंबर बनने की टक्कर होगी। इस मामले में भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 20 मैचों में 111 विकेट लिए थे। लियोन ने 22 मैच में 94 और अश्विन ने 18 मैच में 89 विकेट अपने नाम दर्ज किए हैं। ऐसे में दोनों के पास कुंबले के रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका होगा। लियोन को 18 विकेट चाहिए तो अश्विन को 23 विकेट झटकने होंगे। हरभजन से आगे निकलने का मौका इसी सीरीज में अश्विन और लियोन के पास भारत पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह को भी पीछे छोड़ने का मौका है। हरभजन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 18 मैचों में 95 विकेट लिए थे। लियोन को हरभजन सिंह पीछे छोड़ने के लिए दो और अश्विन को सात विकेट चाहिए।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पूर्व ओपनर ने चुनी भारत की प्लेइंग 11, स्टार खिलाड़ी को किया बाहर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट 9 फरवरी से नागपुर में शुरू होगा। इस सीरीज को लेकर फैंस के बीच गजब का उत्साह है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दो बार

उसके घर में मात दी है, जिससे उसके हौसले बुलंद है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम 6 साल बाद भारत दौरे पर टेस्ट सीरीज खेलने आई है। पैट कमिंस के नेतृत्व में कंगारू टीम जीत दर्ज करके इतिहास रचना चाहेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भारतीय टीम के लिए बॉर्डर-गावस्कर सीरीज महत्वपूर्ण हैं। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम हर हाल में बड़े अंतर से सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। टीम इंडिया घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए कंगारुओं को मात देने के इरादे से मैदान संभालेगी। इस बीच भारतीय टीम के पूर्व ओपनर वसीम जाफर ने नागपुर में होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी पसंदीदा भारत की प्लेइंग 11 चुनी है। जाफर ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया के जरिये बताया कि वो पहले टेस्ट में किन 11 भारतीय खिलाड़ियों के साथ खेलना पसंद करेंगे। जाफर ने ओपनिंग के लिए कप्तान रोहित शर्मा के साथ केएल राहुल पर भरोसा जताया है। इसके बाद मिडिल ऑर्डर की जिम्मेदारी जाफर ने चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, शुभमन गिल और केएस भरत के कंधों पर डाली है। ऑलराउंडर और स्पिनर के रूप में जाफर ने रवींद्र जडेजा व रविचंद्रन अश्विन पर भरोसा जताया है। कुलदीप यादव को उन्होंने तीसरे स्पिनर के रूप में चुना है। वहीं तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी जाफर ने मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी को सौंपी है। रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, शुभमन गिल, केएस भरत, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज। जाफर ने विशेष तौर पर ध्यान दिलाया कि अक्षर पटेल को उन्हें भारी मन रखते हुए बाहर करना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि पटेल और जडेजा की गेंदबाजी काफी हद तक समान है। ऐसे में कुलदीप यादव अपनी रिस्ट स्पिन के दम पर मिश्रण लाने में सफल हैं। नागपुर की पिच को देखते हुए पहले टेस्ट में तीन स्पिनर्स को खिलाए जाने की प्रबल संभावना है।

राशिफल

मेष-:आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

वृष-:आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

मिथुन-:आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

कर्क-:आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

सिंह-:आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

कन्या-:आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

तुला-:आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

वृश्चिक-:आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे

धनु-:आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

मकर-: आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

कुंभ-:आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

मीन-:आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।



शुभमन गिल प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए हुए नॉमिनेट अपने साथी खिलाड़ी से मिलेगी कड़ी टक्कर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल, तेज

गेंदबाज मोहम्मद सिराज और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को जनवरी 2023 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है। शुभमन गिल के लिए साल 2022 शानदार बीता, जहां उन्होंने सीमित ओवर क्रिकेट में निरंतर रूप से बेहतरीन प्रदर्शन किया। गिल को मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल डेब्यू का मौका मिला। गिल के लिए टी20 इंटरनेशनल सीरीज ज्यादा अच्छी नहीं बीती, लेकिन वनडे में उन्होंने कमाल करते हुए क्रमशः 70, 21 और 116 रन की पारियां खेली। फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ गिल ने हैदराबाद में इतिहास के पन्नों पर अपना नाम दर्ज कराते हुए दोहरा शतक जमाया। 23 साल के बल्लेबाज ने 149 गेंदों में 208 रन की पारी खेली। उन्होंने आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के जड़कर अपना दोहरा शतक पूरा किया था। वहीं मोहम्मद सिराज ने अपनी गेंदबाजी से जमकर प्रभावित किया। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज ने शानदार प्रदर्शन किया और जल्द ही वो वनडे में नंबर-1 गेंदबाज बने। सिराज ने इस दौरान वोबल सीम का उपयोग करके बल्लेबाजों को परेशान करने का नया तरीका भी खोजा। उन्होंने न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बल्लेबाजों को अपनी स्विंग और रफ्तार से खूब परेशान किया और जमकर विकेट निकाले। डेवोन कॉनवे ने पाकिस्तान दौरे के बाद भारत दौरे पर भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा। कॉनवे गेंदबाजों के लिए सिरदर्द बने रहे। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने जनवरी में 10 पारियों में 49.30 की औसत से 493 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

सम्पादकीय

आर्थिक नीति का राजनीतिक संदेश, ताकि देश के विकास को गति मिले और जनता भी संतुष्ट हो

गत एक फरवरी को लोकसभा में पेश आम बजट लोकलुभावन भी है और राजनीतिक भी। इस वजह से चाहकर भी विपक्ष उसकी तीखी आलोचना नहीं कर पा रहा है। सरकार विरोधी नैरेटिव रचने वाले वर्ग के तर्क भी भोथरे नजर आ रहे हैं। बजट के जरिये मोदी सरकार ने अपने पारंपरिक मतदाताओं को साथ रहने का गंभीर संदेश तो दिया ही है, तटस्थ नजर आ रहे मतदाताओं के बड़े वर्ग को भी बड़ा संकेत दिया है। संकेत यह कि मोदी सरकार को लेकर उनकी आशंकाएं निर्मूल हैं कि यह सरकार उनका ध्यान नहीं रखती। मोदी सरकार का नारा है, 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास।' राजनीतिक नारों को लेकर मान्यता रही है कि वे सिर्फ मिथक होते हैं, जमीनी हकीकत नहीं। यह भी कहा जाता है कि राजनीतिक दल उनका इस्तेमाल अपने वोटरों की भावनाओं को उभारने में करते हैं और इसके जरिये वोटों की भरपूर फसल हासिल करते रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार इस सोच को गलत साबित करती प्रतीत हो रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के जरिये मोदी सरकार के इस नारे को जमीन पर उतारने की भरपूर कोशिश की है। भारतीय मतदाताओं में एक बड़ी हिस्सेदारी मध्य वर्ग की है। माना जा रहा था कि कुछ वर्षों से यह वर्ग मोदी सरकार से नाराज था। वैसे उसकी नाराजगी इतनी गंभीर भी नहीं थी कि वह प्रधानमंत्री मोदी से मुंह मोड़ ले। 2014 में यह वर्ग उम्मीदों से लबालब था तो 2019 में आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए मोदी के पक्ष में लामबंद रहा, मगर हाल के कुछ वर्षों में उसका धैर्य जवाब देने लगा था। आयकर में छूट सीमा बढ़ाने की मांग को टालने का शायद पीएम मोदी और निर्मला सीतारमण को भान रहा होगा। इसी कारण बजट में आयकर की छूट सीमा बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दी गई है। ऐसे में नौकरीपेशा मध्य वर्ग का गदगद होना स्वाभाविक है। आयकर में छूट मिलने से संभावना है कि अपने पैसे का यह वर्ग उपयोग करेगा। इसकी वजह से बाजार में मुद्रा परिचालन बढ़ेगा, जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। कह सकते हैं कि आयकर छूट का यह प्रस्ताव भारतीय आर्थिकी की मशीन में लुब्रिकेंट का काम करने जा रहा है। चुनावों में निम्न आयवर्ग के लोगों की भी बड़ी भूमिका होती है। बजट में इस वर्ग के लिए भी गंभीर संदेश है। भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अब इसका लक्ष्य सात प्रतिशत की विकास दर हासिल करना है। ऐसे में रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं बन सकती हैं। बजट में बुनियादी ढांचे के लिए पिछली बार से करीब एक तिहाई ज्यादा यानी दस लाख करोड़ रुपये की रकम की व्यवस्था करना भी अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने का ही प्रयास है। अंततः इसका फायदा मध्य और निम्न मध्य वर्ग की ही जनसंख्या को ही मिलने जा रहा है। यहां ध्यान दिया जाना चाहिए कि भारतीय राजनीति का बड़ा आधार किसान भी रहा है। किसान आबादी में से करीब 82 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे या उसके आसपास है। बजट में इस वर्ग का भी ध्यान रखा गया है। किसान सम्मान निधि के तहत इस बार के बजट में पिछली बार की तुलना में करीब साढ़े छह प्रतिशत ज्यादा यानी साठ हजार करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। इस मद में अब तक 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। मोदी सरकार ने 2024 तक देश के गरीबों को छत मुहैया कराने का अपना लक्ष्य पूरा करना तय किया है। इसके तहत गरीबों को कुल दो करोड़ 94 लाख घर दिए जाने हैं। अब तक करीब 2.12 करोड़ घर दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार किए जा रहे इन घरों के लिए पिछली बार के 66 हजार करोड़ की तुलना में इस बार 79,500 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। जल जीवन योजना के लिए भी 70 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। गरीबों को स्वास्थ्य सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना के लिए पिछली बार के 6,457 करोड़ की तुलना में इस बार 7,200 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। साफ है इनके जरिये जहां बाजार में पैसा पहुंचेगा, वहीं रोजगार और उत्पादन बढ़ेंगे। हालांकि मनरेगा के लिए में पिछली बार की तुलना में कटौती की गई है। जबकि अपनी शुरुआत के दौर से ही यह योजना गरीबों के लिए कल्याणकारी मानी गई है। हालांकि हकीकत यह भी है कि पिछले वर्ष सौ दिन के बजाय कहीं लोगों को 53 दिन तो कहीं 51 या पचास दिन ही काम मिले। इसके अलावा एकलव्य विद्यालयों के लिए 38,800 अध्यापकों की भर्ती का एलान आदिवासी वर्ग के गौरवबोध को बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। बजट की अहम कोशिश यही है कि अमृतकाल में देश के विकास को गति मिले और सामाजिक-आर्थिक खांचों में बंटी जनसंख्या भी तुष्ट हो।

विश्व सिनेमा की जादुई दुनियाः पड़ोसी बांग्लादेश का सिने-इतिहास

बांग्लादेश ने प्रारंभ से अपनी फिल्म की गुणवत्ता को निखारने का काम किया और करीब दो दशक में यहां प्रतिवर्ष 90 फिल्म बनने लगीं। फिल्म विभाग के प्रमुख अब्दुल जब्बार खान थे। कई फिल्में युद्ध पर बननी स्वाभाविक थीं। 1972 में पहली फुल लेन्थ फीचर फिल्म 'ओरा एगारो जन' बनी। आज के बांग्लादेश, इसके पूर्व का पुराना पाकिस्तान और उसके भी पहले का भारत के अंग के इस क्षेत्र की स्थिति बड़ी अजीब रही है। प्राकृतिक आपदा खासकर बाढ़, भयंकर गरीबी, अशिक्षा सदा से इसके साथ रही है और काफी समय दमन-अत्याचार और राजनैतिक उथल-पुथल भी इस इलाके ने झेली है। मगर भाषा और संस्कृति के मामले में यह स्थान बहुत समृद्ध रहा है। इसका पूर्वी पाकिस्तान से बांग्लादेश बनने में भाषा एक बड़ा कारण रही है। भारत विभाजन के पूर्व यह बंगाल का अंग था और पूर्वी बंगाल के नाम से जाना जाता था।भारत विभाजन के बाद यह पूर्वी पाकिस्तान कहलाया और दोनों हिस्सों में पर्याप्त दूरी के बावजूद पश्चिमी पाकिस्तान पूर्वी हिस्से पर हावी रहा। न केवल राजनैतिक रूप से बल्कि भाषा और सांस्कृतिक रूप से भी पूर्वी पाकिस्तान पर पश्चिम का दबाव बना रहा। अपनी भाषा को लेकर हर व्यक्ति के मन में एक अलग लगाव होना स्वाभाविक बात है और जब कोई उसकी भाषा का अपमान करता है अथवा उसे नष्ट करने का प्रयास करता है तो यह हमारा कर्तव्य और भावात्मक दायित्व प्राकृतिक रूप उसे बचाने का होता है।बांग्लादेश के सिने-इतिहास की शुरुआत 1971 से पूर्वी पाकिस्तान के लोगों का अपनी भाषा, संस्कृति और साहित्य-सिनेमा से बहुत गहरा लगाव है अतः उन्होंने अपनी इस विरासत को बचाने के लिए जान की बाजी लगा दी। 1952 में बंगाली भाषा आंदोलन के दो वर्ष बाद ढ़ाका में शहीदुल आलम, अब्दुल जब्बर खान तथा काजी नुरुज़ामान की अगुआई में 'को-ऑपरेटिव फिल्म मेकर्स लिमिटेड' की स्थापना हुई। और भी कई कारण थे, नतीजन 1971 में बांग्लादेश का उदय हुआ। अतः जब हम बांग्लादेश के सिने-इतिहास की बात कर रहे हैं तो 1971 से शुरुआत करती हूं। बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के पूर्व 1971 में मात्र 6 फिल्में बांग्ला तथा दो उर्दू में रिलीज हुईं। ज़ाहिर रेहान ने 20 मिनट की डॉक्यूमेंट्री 'स्टॉप जेनोसाइड' बनाई। इसमें उन्होंने 26 मार्च 1971 से 16 दिसम्बर 1971 के बीच पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा अपने देश की जनता पर हुए क्रूर अत्याचार को दिखाया और लोगों से इसे रोकने की अपील की। मानव-संहार और नस्ल नष्ट करने की इन घटनाओं की खूब आलोचना हुई थी। इस देश से आने वाली यह पहली अंतरराष्ट्रीय सिने-पहल थी। 1971 में ही ईस्ट पाकिस्तान फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का नाम बदल कर बांग्लादेश फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन कर दिया गया। 21वीं सदी के पहले दशक तक यही एक मात्र प्रमुख फिल्म स्टूडियो तथा कलर लैब था। बांग्लादेश ने प्रारंभ से अपनी फिल्म की गुणवत्ता को निखारने का काम किया और करीब दो दशक में यहां प्रतिवर्ष 90 फिल्म बनने लगीं। फिल्म विभाग के प्रमुख अब्दुल जब्बार खान थे। कई फिल्में युद्ध पर बननी स्वाभाविक थीं। 1972 में पहली फुल लेन्थ फीचर फिल्म 'ओरा एगारो जन' बनी। युद्ध पर बनी इस ऐतिहासिक फिल्म की कहानी अल मसूद की है और मुक्ति संग्राम की कहानी कहती इस फिल्म का निर्देशन कासी नज़रुल इस्लाम (र्ण्प्पा ल्त् र्ध्स् 11 अक्टूबर 1941-11जनवरी 2015) ने किया। इन्हें 1986 में शरदचंद्र के उपन्यास 'सुभदा' पर इसी नाम से बांग्ला भाषा में फिल्म बनाने के लिए उस वर्ष के सर्वोत्तम निर्देशक के साथ सारे अन्य नेशनल पुरस्कार जीते। आलमगीर कबीर ('धीरे बह मेघना', 'सूर्य कन्या' तथा परिणिता' आदि) और सुभाष दत्ता दो अन्य निर्देशकों ने इस दौरान युद्ध विषयक फिल्म बनाई।अस्सी और नब्बे के दशक में सिनेमा यहां के गरीब और कम शिक्षित लोगों के मनोरंजन का प्रमुख साधन बन गया। धनी-मानी लोग वीसीआर की ओर मुड़ गए। बांग्लादेश अपनी राष्ट्रीय पहचान बनाने के लिए सिनेमा का सहारा लेने लगा। फिल्म उद्योग मुख्य रूप से ढ़ाका में था अतः यहां की फिल्में 'ढ़ालीवुड' (र्ञ्त्ब्दिद्) के नाम से जानी जाने लगीं। काफी समय तक यहां की फिल्में न केवल भारत की फिल्मों से प्रभावित रहीं वरन उनकी नकल भी करती रहीं। बांग्लादेश के सिने-निर्देशकों ने अपनी विरासत को सदैव स्मरण रखा है। बांग्ला साहित्याधारित सिनेमा तो प्रारंभ से बनता रहा है और आज भी यह जारी है। मुक्ति के बाद एक पहली अंतरराष्ट्रीय फिल्म है, ऋत्विक घटक की 1973 में बनी 'तिस्ता एकटी नदीर नाम' (ंग्ने र्ण्त् ऊर्ी) जिसमें प्रबीर मित्र ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को 2002 में ब्रिटिश फिल्म इंस्ट्यूट ने 10 सर्वोत्तम बांग्लादेशी फिल्मों में शामिल किया है। शरतचंद्र की कहानी पर शाहिदुल अमीन ने 'रामेर सुमति' बनाई। जिसमें एक दुष्ट लड़के के कुछ घटनाओं बाद सुधरने की बात दिखाई गई है। उन्हीं के उपन्यास पर बुलबुल अहमद ने 'राजलोखी-श्रीकांतो' बनाई और उन्हीं की रचना पर मोहिउद्दीन फ़ारुक ने 1988 में 'बिराज बोउ' बनाई। अस्सी और नब्बे का दशक को बांग्लादेशी फिल्मों का स्वर्ण युग माना जाता है। अब्दुर रज्जाक, काबोरी सरवर, शबाना, फ़ारूक, शबनम, रोज़ीना, चम्पा, अमल बोस इस दौर के प्रसिद्ध अभिनेता-अभिनेत्री रहे हैं। आलमगीर कबीर, तन्वीर मोकाम्मल, तारेक मसूद आदि इस देश में फिल्म में रियलिज्म तथा नेचुरलिज्म के वाहक रहे हैं। 8 मार्च 1955 को खुलना में जन्मे, सात पुरस्कारों से नवाजे गए लेखक-निर्देशक तन्वीर मोकाम्मल ने फीचर और डॉक्यूमेंट्री दोनों तरह की फिल्में बनाईं। 'नदीर नाम मधुमति', 'चित्रा नदीर पारे','लालशालू', बायोपिक 'लालन', 'रुपशा नदीर बैंके' आदि उनकी प्रमुख फिल्में हैं। इनकी कई फिल्में युद्ध और पलायन से जुड़ी हुई हैं। बांग्लादेश से इस सदी में आने वाली कुछ फिल्में हैंः 'आमजन', 'प्रेमेर ताजमहल', 'रॉन्ग नंबर', 'श्यामल छाया', 'प्रिया अमार प्रिया', 'तुमी स्वप्नो तुमी साधना', 'मोने प्राणो प्राणे आछो तुमी', 'माटिर मोयना', 'चंद्रग्रहन'। 2010 में खिजिर हयात खान ने 'जागो' नाम से प्रथम स्पोर्ट आधारित फिल्म बनाई। भारत और बांग्लादेश सिनेमा भारत और बांग्लादेश के सिने-व्यक्तित्व मिलजुल कर काम करते हैं। 2016 में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक गौतम घोष ने बांग्लादेश के सहयोग (इम्प्रेस टेले फिल्म्स एंड आशीर्वाद चलचित्र) से और वहां के अभिनेताओं (कुसुम सिकदार, ममुनुर रशीद आदि) को लेकर 'शंखचील' बनाई जिसे क्षेत्रीय भाषा की फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। फिल्म दोनों देशों में रिलीज हुई। निर्देशक मुन्जुरुल इस्लाम मेघ मेरे मित्र हैं अभी हाल में वे अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह गोआ में आए हुए थे। 2020 में 'ऑपरेशन सुन्दरबन', 'हवा' जैसी सफल फिल्में यहां बनीं। आज बांग्लादेश में 100 प्रोडक्शन हाउस हैं। ढ़ाका इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, बांग्लादेश शॉर्ट फिल्म फ़ोरम, इंटरनेशनल शॉर्ट एंड इंडिपेंडेन्ट फिल्म फेस्टिवल जैसे समारोह आयोजित होते हैं। इसके अपने कई पुरस्कार तथा फिल्म एडुकेशन इंस्ट्यूटट हैं।

आजादी के 75 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे सुल्तानपुर रूरल बस्ती के लोग

आजादी के 75 वर्ष बाद भी पंजाब में कई गांव ऐसे हैं, जहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। विधानसभा क्षेत्र सुल्तानपुर लोधी में भी एक बस्ती ऐसी है, जिसकी पंचायत के पास अपनी कहे जाने वाली एक इंच जमीन तक नहीं है। शहर के रेलवे स्टेशन

के ठीक सामने बसी सुल्तानपुर रूरल बस्ती के निवासियों ने बताया कि उनके घरों में आ रहा पानी भी पड़ोसी गांव डेरा सैय्यदां की टंकी पर निर्भर है। पेयजल समस्या लंबे समय से समाधान को लेकर प्यासी है। आलम यह है कि डेरा सैय्यदां में सरकारी मोटर चलने के बाद नलों से गंदा और बदबूदार पानी आता है। लोग नलों को तब तक खुला छोड़े रखते हैं, जब तक पानी का रंग साफ न हो। बस्ती निवासी राजा नैय्यर ने बताया कि इस गांव के लोग विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। उनका जीवन नरक समान है। युवा कार्यकर्ता डा. सुरिंदरपाल ने कहा कि गांव के लोग वर्षों से समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन्हें सुलभ जीवनयापन के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। उन्हें मताधिकार तो मिला है, लेकिन इसका फायदा चुनाव लड़ने वालों तक सीमित है। चुनाव जीतने के बाद विधायक-सांसदों को इस गांव की बेहतरी के लिए समय नहीं मिला। ये हालात यकायक नहीं बने, बल्कि गांव के अस्तित्व के बाद से ही उपेक्षा का दंश इस गांव के लोग भोगते आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव में न तो पेयजल की उपलब्धता के लिए कोई सरकारी योजना संचालित है, न ही सीवर को संभालने हेतु ट्रीटमेंट प्लांट है। वातावरण प्रेमी संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने रेलवे स्टेशन को गोद लेकर देसी ट्रीटमेंट प्लांट की सुविधा गांव निवासियों को दी थी, तब से प्रशासनिक अधिकारी उससे ही काम चला रहे हैं। लोग बीमार स्वजन को चारपाई पर लेटाकर ले जाते हैं। शहर बस्ती निवासी बताते हैं कि शिक्षा की सुविधा के नाम पर तंग गली में छोटा सा प्राइमरी स्कूल है। यदि किसी घर में कोई बीमार पड़ जाए तो यहां पर एक डिस्पेंसरी तक नहीं। ऐसी स्थित में ग्रामीण ही अपने बीमार स्वजन को चारपाई पर लेटाकर उसे कंधे पर रखकर शहर की ओर भागते हैं। बात करने पर ग्रामीणों का आक्रोश भी सामने आ जाता है। उनका कहना है कि पंजाब सरकार द्वारा दर्जनों योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। ग्राम विकास के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन इनका लाभ भी सुल्तानपुर देहात के लोगों को नहीं मिला है। रेलवे की जमीन पर गंदगी बस्ती में स्वच्छ भारत मिशन की दुर्दशा देखने को मिलती है। कूड़ा प्रबंधन की दम तोड़ती व्यवस्था गांव की गलियों, गिल्लां रोड और रेलवे की भूमि पर लगे गंदगी के विशाल डंपों में दिखाई पड़ती है। कुछ इलाकों में पेयजल के लिए भूमिगत बिछाई गई पाइप लाइन गंदा पानी उगल रही हैं, जिस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह समस्या लोगों को बीमार कर भंयकर रूप धारण कर सकती है। भीषण गर्मी में यहां पर गंभीर पेयजल संकट आ जाता है। ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जाते हैं। गांव में कुछ हैंडपंप तो हैं, लेकिन पर वे सभी हवा उगल रहे हैं। अधिकांश लोग पानी की उपलब्धता के लिए वे पड़ोसी गांव पर निर्भर हैं। कुछ लोग बोरवेल से भी पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक को यहां के हालात के बारे में पता है। इसे लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन कुछ नहीं हुई। जनप्रतिनिधियों की तरह अधिकारी भी स्थायी रूप से समाधान करने के लिए कोई राहत नहीं दे सके हैं। पंच बोलीं- हमारे पास फंड नहीं इस समस्या के बारे में बात करने के लिए सरपंच से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। इस बाबत पंच ललीता रानी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गांव में पेयजल, सीवरेज निकासी और कूड़ा प्रबंधन की समस्या है। हम अपने स्तर पर जितना हो सकता है, कर रहें हैं। पेयजल संबंधी उन्होंने कहा कि कहीं कोई लीकेज है, जिसकी वजह से कुछ इलाकों में गंदे पानी की समस्या है। अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए कहा गया है। कूड़ा प्रबंधन को लेकर पंचायत के पास को फंड नहीं है। बता दें कि, इलाके के घरों में आ रहा पानी पड़ोसी गांव डेरा सैय्यदां की टंकी पर निर्भर है। आलम ये है कि, इन दिनों गंदे बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है।

शरारत भरे शोध और सर्वेक्षण, कई पश्चिमी संस्थाएं भारत को प्रगति करते हुए नहीं देखना चाहतीं

पाकिस्तान की दयनीय दशा किसी से छिपी नहीं। वह न केवल गंभीर आर्थिक संकट से घिरा है, बल्कि राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी संकट से भी। औसत पाकिस्तानियों के लिए जीवन-यापन करना दूभर है। यह स्थिति रातोंरात नहीं बनी, लेकिन पिछले वर्ष मार्च में जारी वर्ल्ड हैपीनेस रिपोर्ट में पाकिस्तान को भारत से खुशहाल बताया गया था। इस हैपीनेस इंडेक्स में भारत को 136वें पर पायदान दिखाया गया था और पाकिस्तान को 121वें पर। इस रिपोर्ट पर राहुल गांधी समेत कई विपक्षी नेताओं की बांछें खिल गई थीं। उन्होंने सरकार पर जमकर कटाक्ष किए थे। ऐसे ही कटाक्ष तब किए गए थे, जब ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट में यह कहा गया था कि भारत की स्थिति पाकिस्तान और श्रीलंका से भी खराब है। यह रिपोर्ट उन्हीं दिनों आई थी, जब पाकिस्तान में खाद्यान्न संकट खड़ा हो रहा था और श्रीलंका में खाने-पीने की वस्तुओं की किल्लत के कारण हाहाकार मचा हुआ था। इसी तरह की एक रिपोर्ट प्रेस फ्रीडम यानी मीडिया की स्वतंत्रता के मामले में रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर्स की ओर से आई थी। इसमें भारत को संयुक्त अरब अमीरात, जहां कोई निजी मीडिया नहीं और चीन के दमन से त्रस्त हांगकांग से भी नीचे दिखाया गया था। इसे बेशर्मी के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन भारत में ऐसे लोगों की कमी नहीं थी, जो इस रिपोर्ट को सही मान रहे थे और सरकार पर तंज कस रहे थे। इससे भी हास्यास्पद रिपोर्ट आई थी वी-डेम की ओर से। इसमें यह बताया गया था कि अकादमिक स्वतंत्रता के मामले में पाकिस्तान और अफगानिस्तान की स्थिति भारत से बेहतर है। निःसंदेह खुशहाली,

कुपोषण, अकादमिक स्वतंत्रता आदि के मामले में भारत में सब कुछ सही नहीं, लेकिन यह मान लेना हास्यास्पद है कि भारत की स्थिति पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि से भी खराब है। केवल कथित शोध संस्थानों से ही ऐसे सूचकांक नहीं जारी होते, जो भारत को नीचा दिखाते हैं, पश्चिमी मीडिया का एक हिस्सा भी यह बताता रहता है कि भारत में सब कुछ गया-बीता है। याद करें कि कोरोना काल में पश्चिमी मीडिया भारत की कैसी दयनीय और भयानक तस्वीर पेश कर रहा था। यह सही है कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान स्थिति खराब थी और हजारों लोगों ने उपचार के अभाव में दम तोड़ दिया था, लेकिन दुनिया के अन्य देशों और यहां तक कि विकसित देशों में भी हालात कोई अच्छे नहीं थे। भारत से कहीं कम आबादी और बेहतर स्वास्थ्य ढांचे वाले विकसित देशों में भी लोग उपचार के अभाव में दम तोड़ रहे थे और लाशों के ढेर लगे हुए थे, लेकिन पश्चिमी मीडिया ने ऐसा कुछ नहीं दिखाया-बताया। वह भारत में चिताओं के फोटो छाप रहा था, लेकिन यूरोप और अमेरिका में कोरोना से मरे किसी भी व्यक्ति की फोटो नहीं दे रहा था। पश्चिमी मीडिया ने नीतिगत रूप से दोहरे मापदंड बना रखे हैं। पश्चिमी देशों में आतंक, आपदा से मरे लोगों के फोटो नहीं दिखाए जाते, लेकिन अन्य देशों में आतंक, आपदा से मरे लोगों के फोटो दिखाने में कोई संकोच नहीं किया जाता। यही कारण है कि दुनिया ने 9-11 हमले में मारे गए किसी व्यक्ति का शव नहीं देखा। पश्चिमी मीडिया गैर-पश्चिमी देशों के प्रति किस तरह दुराग्रह से ग्रस्त रहता है, इसके प्रमाण रह-रहकर मिलते ही रहते हैं। एक प्रमाण यूक्रेन युद्ध शुरू होने के समय मिला था और एक हाल में गुजरात दंगों पर बीबीसी की डाक्यूमेंट्री के रूप में सामने आया। समझना कठिन है कि सरकार को उस पर प्रतिबंध लगाने की क्यों सूझी, क्योंकि इससे उसे अनावश्यक प्रचार ही मिला। अब यह कोई दबी छिपी बात नहीं कि पश्चिमी मीडिया के एक हिस्से के साथ वहां की तमाम संस्थाएं भारत को प्रगति करते हुए नहीं देखना चाहतीं। पश्चिमी संस्थाओं के भारत को नीचा दिखाने वाले जो शरारती शोध एवं सर्वेक्षण आते रहते हैं, उनमें यही संदेश निहित होता है कि वे विश्व मंच पर भारत का उभार नहीं देखना चाहते। गौर करें कि घोर अराजक कृषि कानून विरोधी आंदोलन के दौरान पश्चिमी देश और उनका मीडिया किस तरह भारत को नसीहत दे रहा था, लेकिन तब उनकी बोलती बंद हो गई थी, जब कनाडा सरकार ने आपातकाल लगाकर ट्रक चालकों की हड़ताल बलपूर्वक खत्म की थी। अभी पिछले महीने जर्मनी में कोयला खदान के विस्तार के लिए एक गांव को उजाड़ने के विरोध में धरने पर बैठे पर्यावरण कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने ग्रेटा थनबर्ग समेत इन कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी कि यदि वे खदान के किनारे से नहीं हटे तो उन्हें बलपूर्वक हटा दिया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

अडानी घोटाले के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुध नगर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा सूरजपुर कलेक्ट्रेट पर एसबीआई बैंक के बाहर व ग्रेटर नोएडा अल्फा कमर्शियल बेल्ट एलआईसी ऑफिस के बाहर कार्यकर्ताओं ने अडानी घोटाले पर मोदी सरकार की चुप्पी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस देश की जनता के साथ अन्याय होने नहीं देगी। लड़ाई जारी है इस प्रदर्शन में शामिल होने वाले मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य दिनेश अवाना पूर्व अध्यक्ष नोएडा कांग्रेस शहाबुद्दीन जिला चेयरमैन अल्पसंख्यक कांग्रेस गौतम बुध नगर जावेद खान, सेवादल जिला अध्यक्ष वसी ल अहमद जिला उपाध्यक्ष रामभरोसे शर्मा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष राधा रानी, सेवादल प्रदेश महासचिव पंडित अशोक शर्मा, दादरी नगर अध्यक्ष किशन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिलाध्यक्ष धर्म सिंह, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव भगवती शर्मा, पीसीसी सदस्य पवन शर्मा, जेवर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा दनकौर ब्लॉक अध्यक्ष नितेश शर्मा बिसरख ब्लॉक अध्यक्ष तरुण चौधरी राजपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष मो. जिला सचिव दीपक शर्मा चंदन शर्मा अंकित शर्मा इमरान सैफी जीशान चौधरी, मोहम्मद चांद, मोहम्मद गुलफाम, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मुखिया , गौरव आधाना व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं मोजूद रहे।

डेनमार्क, जर्मनी और नीदरलैंड ने 100 लेपर्ड 1 टैंक यूक्रेन भेजने का किया फैस

लाबर्लिन। रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए डेनमार्क, जर्मनी और नीदरलैंड ने फैसला किया है कि कम से कम 100 पुराने लेपर्ड टैंक 1 यूक्रेन भेजा जाएगा। यूक्रेनी रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने कहा कि जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने यूक्रेन की राजधानी कीव के औचक दौरे करने के बाद घोषणा की कि गर्मियों तक 20 से 25 टैंक यूक्रेन को मिल जाएंगे।

सरकार का वित्त वर्ष 2023–24का बजट पूरी तरह निराशाजनक

(आधुनिक समाचार सेवा)

सतना।बजट पर निराशा ब्यक्त करते हुए संतोष यादव शहर अध्यक्ष युवा कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग ने कहा है।की इससे न तो देश की

अर्थव्यवस्था में सुधार होगा और न ही विकास दर बड़ेगी पूरी तरह दिशाहीन बजट है।जिससे देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ेगी। उन्होंने इसे जनविरोधी करार देते हुए कहा कि आज के मंहगाई के दौर में कर्मचारियों को लुभाने का असफल प्रयास किया गया है। कर्मचारियों को सात लाख तक की कर छूट को बड़ाकर बारह लाख किया जाना चाहिए था।सरकार द्वारा हाल ही में पेश किया गया बजट भाजपा सरकार ने विगत कई वर्षों से पेंशन लागू करने की बात कर रही थी किंतु इसमें किसी भी प्रकार की इस बजट में चर्चा नहीं हुई, एक तरफ टैक्स में छूट देने की बात कर रही है लेकिन वास्तविकता में सभी सरकारी कर्मचारियों के हक को दबाने का काम किया है, और सबसे बड़ी बात तो शिक्षा के क्षेत्र में कृषि के क्षेत्र में युवा बेरोजगार के एवं महिलाओं से संबंधित किसी भी हेल्थ केयर से संबंधित किसी प्रकार की बजट में चर्चा नहीं की गई जो की पूरी तरह से निराशा जनक है।

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने अजय कुमार शर्मा को बनाया उत्तर प्रदेश महामंत्री संगठन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने नोएडा मीडिया क्लब गंगा शॉपिंग कंपलेक्स सेक्टर 29 में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पितांबर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अजय कुमार शर्मा को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश महामंत्री संगठन बनाया गया है। साथ ही अजय कुमार शर्मा को नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्रभारी का पदभार भी दिया गया है।पितांबर शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में सद्भावना बनाए रखना और समाज के नव युवकों को जीवन यापन के लिए सही दिशा देना व ब्राह्मण समाज के जो युवक शिक्षा स्वास्थ्य खेल अच्छा कार्य कर रहे हैं उन को प्रोत्साहित करना है। अजय कुमार शर्मा ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए महासभा के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा की समाज के उत्थान के लिए मैं अपनी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य का निर्वहन करूंगा। और जितना भी समय मेरे पास उपलब्ध होगा उसमे मै समाज के लिए समर्पित रहूँगा। इस अवसर पर पंडित पीतांबर शर्मा प्रदेश अध्यक्ष ,पंडित परमानंद शर्मा प्रदेश महामंत्री, पंडित राम कुमार शर्मा जिला महामंत्री ,पंडित अनिल कुमार शर्मा जिला कोषाध्यक्ष ,पंडित कृष्ण मुरारी शर्मा नोएडा अध्यक्ष, पंडित अजय शर्मा संगठन महामंत्री सहित कई लोग मौजूद रहे।

भाजपा ज़िला कार्यकारिणी की बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। एन ई ए सभागार सेक्टर 6 मे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। कार्यक्रम का उदघाटन विजय पाल तोमर ने किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विजय पाल तोमर ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रदेश कार्यकारिणी में मंथन हुए विषयों को लिया साथ ही देश की आज हुई मज़बूत इस्थति पर चर्चा करी। उन्होंने कहा आज विश्व पटल पर जिस तरह भारत का नाम ऊँची छुई है इन सब का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की वजह से संपन्न हो पाया है । दूसरे सत्र में सांसद सुरेंद्र नागर जी ने पिछले 10 साल मे हुए बदलाव पर बात करी साथ ही अमृतकल में भारत की नई व्यवस्थाओं पर भी बात करी। हाल ही में आए बजट पर उन्होंने बताया कि ये बजट अमृत काल का पहला बजट है जिसको सप्त ऋषि बजट कहा गया । इस बजट में देश के युवा वर्ग को बहुत बल मिलेगा जिसमें नई रेजीम का ऑप्शन दिया जिसनें 7 लाख तक की कर छूट दी है। इस बजट से मद्यम उद्योग, महिला सम्मान, किसानों आदि हर वर्ग के लिए योजनों को शामिल किया गया और इस बजट का उद्देश भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेगा। इसके बाद तीसरा सत्र बसंत त्यागी का रहा जिसमें उन्होंने संगठन के बारीक विषयों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि कैसे हमें कार्य को करना , कार्य विभाजन करना, अपने मंडल को किसे आदर्श मंडल बनाया जाए, कैसे अपने वक्तित्व को बड़ा किया जाए और कैसे एक अच्छा कार्यकर्ता बना जाए जैसे कई विषयों पर सभी कार्यकर्ताओं को बताया। समापन सत्र में मनोज गुप्ता ज़िलाध्यक्ष ने लिया और बताया कैसे हम आगामी कार्यक्रमों को बेहतर बनाया और पार्टी ने बनाये सिस्टम को फॉलो करना है । जिस तरह ये ज़िला कार्यकारिणी हो रही है उसी प्रकार हमको यही कार्यक्रम मंडल स्तर पर करना है और हर मंडल में मंडल कार्यकारिणी का सफल आयोजन करना है और उसी को लेकर बारीकियों पर भी चर्चा करी।कार्यक्रम में उपस्थित राज्य सभा सांसद विजय पाल तोमर, सांसद सुरेंद्र नागर, श्रीमती विमला बथम उत्तर प्रदेश महिला आयोग अध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, प्रभारी बसंत त्यागी, ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, योगेन्द्र चौधरी, जुगराज चौहान, महामंत्री चंदगिराम यादव, उमेश त्यागी, डिम्पल आनंद, गणेश जाटव, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, गिरजा सिंह, युद्धवीर चौहान, महेश अवना, गिरीश कोटनाला, धर्मेंद्र गुप्ता, मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, मंत्री एस पी चमोली, अमरीश त्यागी, रवि यादव, प्रमोद बहल, मनोज चौहान, मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा, कल्लू सिंह, सूरज पाल राणा, लोकेश कश्यप, गोपाल गौड़, बबलू यादव, राममेहर कौशिक, मंडल प्रभारी हर्ष चतुर्वेदी, सचिन अम्बवता, ओम यादव, पूनम सिंह, मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव, शारदा चतुर्वेदी, डॉ प्रसेनजित मैत्रा, लोकेश यादव, मल्लिकेश्वर झा, अहसान खान, संजय बाली, अर्पित गोयल, करतार सिंह, अमित त्यागी, राजीव त्यागी, भारती नेगी, रवि मिश्रा, रमेश शेखर, प्रज्ञा पाठक, मुक्तानंद शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सतना समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के पंजीयन के लिये 30 केन्द्रों का निर्धारण

(आधुनिक समाचार सेवा)

सतना। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उर्पाजन के लिये जिले के कृषकों के पंजीयन कार्य कराये जाने के लिये पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा द्वारा कृषकों के पंजीयन कार्य के लिये जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा अनुसार 30 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है। इन निर्धारित किये गये पंजीयन केन्द्रों में कृषक 6 फरवरी से 28 फरवरी तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक समस्त कार्य दिवसों में आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर पंजीयन करा सकते हैं कलेक्टर द्वारा तहसील उचेहरा एवं रामपुर बघेलान में 6-6, नागौद एवं मैहर में 4-4, मझगवां एवं रामनगर में 3-3 तथा अमरपाटन, कोटर, कोठी और रघुराजनगर में एक-एक पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है। जारी आदेशानुसार तहसील उचेहरा में सेवा सहकारी संस्था भटनवारा का पंजीयन स्थल भटनवारा, सहकारी संस्था उचेहरा का उचेहरा, सहकारी समिति मर्यादित पतौरा का पतौरा, सहकारी समिति मर्या. श्यामनगर का श्यामनगर, सहकारी संस्था कुलगढ़ी का कुलगढ़ी और सहकरी संस्था लगरगवां का पंजीयन स्थल लगरगवां निर्धारित किया गया है।

अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 1 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। थाना फेस- 2 सेन्ट्रल पुलिस द्वारा ककराला पुस्ता से एक अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र जिलेदार सिहं उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बिचारपुरा थाना सिविल लाइंस जिला इटावा हाल पता गली नं0-3 ग्राम नंगला चरणदास थाना फेस 2 नोएडा गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया

गया है। जिसके कब्जे से 1 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुया।

इष्ट फाउंडेशन ने विश्व कैंसर दिवस पर चलाया जागरुकता अभियान

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। इष्ट फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-58, खोड़ा कॉलोनी स्थित शिशु शिक्षा पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर के प्रति जागरुकता का प्रसार करने के लिए रोशनी कुमारी के नेतृत्व में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय प्रचार्या सुरभि राणा ने बताया कि कैंसर के बढ़ते मामलों में तंबाकू एवं शराब के सेवन और खराब जीवनशैली की बड़ी भूमिका है। विशेषतौर पर आलस्य वाली जीवनशैली इसका बड़ा कारण है जिसके चलते समाज के लोगों को जागरुक होने की आवश्यकता है। संस्था की ओर से शैलेंद्र चौहान ने कैंसर से होने वाली घातक बीमारियों से बच्चों को अवगत कराया। बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से अपने अंदर छिपी प्रतिभा को उभारा व इस खतरनाक बीमारी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करी। कार्यक्रम का समापन बच्चों को नशीले कैंसर के प्रति शपथ दिलाकर किया गया। इस मौके पर लक्ष्मी सिंह, रश्मि यादव, नीरज, सुरेखा, काजल आदि मौजूद रहे।

ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट का गरीब बच्चों को शिक्षित करने का लक्ष्य- भारती नेगी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट सेक्टर 5 झुग्गी झोपड़ी मे एक विद्यालय खोलकर गरीब एवं मजदूर के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती हैं। ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष भारती नेगी ने आज हमारे नोएडा ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल से एक भेंटवार्ता में बताया कि मै जरूरतमंद मजदूर के बच्चों को 2 घंटे फ्री शिक्षा देती है। बच्चों को किताब कॉपी आदि सामग्री भी निशुल्क वितरण किया जाता हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमने सोचा है कि इन बच्चों को हम गरीबी तो खत्म नहीं कर सकते पर कुछ कम कर सकते हैं। और आगे इन बच्चों को शिक्षित बना सकते हैं। ताकि आगे चलकर यह बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो सके।और अपना घर परिवार भी चला सके। इससे समाज और देश का विकास भी होगा और इन्हें आत्मनिर्भर बनने मे मदद मिलेगी। इस स्कूल में 40 से 45 बच्चे फ्री शिक्षा ले रहे हैं आगे भी कोशिश करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को हमारी संस्था शिक्षित करें। इन बच्चों की मदद करने में भी आगे आएं ताकि इन बच्चों का भविष्य हम आगे अच्छा कर सकें । यही कल के भारत है इन्ही मे कोई इन्जीनियर तो कोई डाक्टर और कोई नेता भी बनेंगे यही कल के भविष्य है। इन बच्चों को पढ़ाकर मुझे बहुत सुकून मिलता है। मै जब तक संभव हो पाएगा इनके शिक्षा मे कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूगी।इस मौके पर संस्थापक अध्यक्ष भारती नेगी, गोविंद अग्रवाल , राहुल भाटिया , मीना वाली , विनीता चौधरी, रीना वेद, सोनिया सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

3 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 2 मोटर साइकिल बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस टीम द्वारा मिण्डा तिराहा सेक्टर-59 के पास से 3 वाहन चोर 1.बोबी उर्फ

मोदी पुत्र हंसराज निवासी म0न0 542 नगला खारी दत्तावली थाना बल्ला जिला अलीगढ हाल मकान सुबोध यादव वृहस्पति बाजार के पास खोडा जनपद गाजियाबाद 2.गवेन्द्र सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम बदनपुर थाना हसाईन जिला हाथरस हाल पता दुर्गा मन्दिर खोडा जनपद गाजियाबाद 3.विवेक पुत्र शिवकुमार नि0 ग्राम गडेपुर थाना शाहाबाद जिला हरदोई हालपता आजाद विहार खोडा कालोनी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की 02 मो0सा0 यूपी16बीजेड-3751 व डीएल3एसईएम-2756 बरामद की गयी है। **विवरण** -अभियुक्तों द्वारा मोटर साईकिल एफजेड रजि0 नं0 डीएल 3एस ईएम-2756 को ओमेश ग्लोबल कंपनी सैक्टर-59 नोएडा के सामने से चोरी की गयी थी उपरोक्त मो0 साईकिल चोरी के सम्बन्ध मे थाना सैक्टर 58 पर मु0अ0स0-60/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत है व मो0 साईकिल स्पलेण्डर प्लस रंग काला यूपी 16 बीजेड-3751 को के0टी0जी0 रेस्टोरेन्ट, ठेका देशी शराब के सामने सर्विस रोड सैक्टर 62 नोएडा से चोरी की थी उपरोक्त मो0साईकिल के सम्बन्ध में थाना सेक्टर 58 पर ई-एफआईआर के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सेक्टर 58 पर मु0अ0स0-55/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत है इसके अलावा तीनों ने करीब ढेड-दो महीने पहले एनाजाईजर कम्पनी सैक्टर 60 नोएडा की पार्किंग से एक ग्लेमर मोटर साईकिल चोरी की थी जिसको अभियुक्तों द्वारा खोड़ा गाँव में राह चलते व्यक्ति को बैच दिया था, जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर 58 पर मु0अ0सं0-579/22 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा यातायात पुलिस कर्मियों के साथ किया गया सम्मेलन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। कमिश्नरेट कार्यालय सेक्टर 108 नोएडा के ऑडीटोरियम में पुलिस उपायुक्त यातायात

गौतमबुद्ध नगर की अध्यक्षता में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, निरीक्षक यातायात मुख्यालय तथा यातायात पुलिस के कुल 160 उपनिरीक्षक/मुख्य आरक्षी/आरक्षी गण द्वारा भाग लिया गया। सम्मेलन के दौरान यातायात कर्मियों से उनकी समस्या एवं यातायात व्यवस्था हेतु सुझाव पूछे गये और उनका समाधान करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। यातायात कर्मियों को डियूटी के समय उच्च कोटि का टर्न आउट रखेंगे। चौराहे के आस-पास 100 मीटर तक कोई वाहन खडा नहीं होने देंगे। आमजन से मृदु भाषा का प्रयोग करने तथा सभी यातायात कर्मी वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के लिये निर्देशित किया गया।उक्त के अतिरिक्त आगामी जी-20 सम्मेलन के प्रस्तावित आयोजन के संदर्भ में आये यातायात कर्मियों को सुचारू यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण दिया गया। कमिश्नरेट में जी-20 आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में इस प्रकार के प्रशिक्षण लगातार जारी रहेंगे। सम्मेलन में आए समस्त यातायात कर्मियों के मोबाइल में मैप माई इण्डिया एप डाउनलोड कराकर प्रशिक्षण दिया गया।

सतना रामपुर बघेलान छेत्र के बारी कला गाँव में हुआ सड़क हादसा जिसमें 14 से अधिक लोग हुए घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)

सतना। रामपुर बघेलान बाबूपुर चौकी क्षेत्र के बारी कला गाँव में हुआ सड़क हादसा जिसमें 14- से अधिक लोग घायल हुए सड़क है जो कंपनी द्वारा गाँव वालों के आने जाने के लिए कंपनी की माइनिंग लीज़ एरिया से निकलती है जिसमें बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आम जनमानस के के लिए ऐसी घटिया सड़क जिसमें बड़े बड़े गड्ढे हैं और दोनों तरफ़ खाई है यह बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की बहुत बड़ी लापरवाही है कहने को तो बिरला कॉरपोरेशन ने बारीकला पंचायत को गोद में लिया है और किसी भी प्रकार की कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है 50 सालों में बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड को गाँव की जनता दिखाई नहीं दे रही है इस हादसे में हादसे में जो घायल हुए बारीकला कला के आम मज़दूर नागरिक थे।सतना जिले के बाबूपुर चौकी अंतर्गत बारी कला में मजदूरों से भरी ट्रेक्टर ट्राली पल्टी, ट्राली पलटने से 14 मजदूर गम्भीर रूप से घायल हुए. मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक बड़ा हादसा हो गया इस घटना में 14 मजदूर पूरी तरह से जख्मी हुए हैं। ट्राली में कुल 25 मजदूर बैठे हुए थे, स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर सभी घायलों को सतना जिला अस्पताल भेजा गया, आपको बता दें कि घटना बाबूपुर चौकी अंतर्गत बारी कला के पास की है। जहां बाबूपुर से मजदूरों को लेकर सतना की ओर ट्रैक्टर आ रहा था, मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर भल्ला डेयरी फार्म का है जो कि मजदूरी के लिए सभी मजदूरों को लेकर फार्म की ओर आ रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया,मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पल्टी, 14 मजदूर गम्भीर आरोप है कि ट्रैक्टर चालक नशे में था जिसके कारण उसने स्टेरिंग पर से अपना नियंत्रण खो दिया, और ट्रैक्टर सड़क के किनारे जाकर पलट गया, बाबूपुर चौकी पुलिस घटना की अग्रिम कार्यवाही कर रही है, सभी घायलों का सतना जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।



रामपुर बाघेलान छेत्र में खूंखार जानवर ने रात में भेड़ो पर किया जानलेवा हमला

(आधुनिक समाचार सेवा)

सतना। जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत सगौनी वार्ड नंबर 3 में बीती रात किसी खूंखार जानवर द्वारा रामकृपाल पाल पिता स्व.गुलाबी प्रसाद पाल द्वारा पाली गई 53 भेड़ो में जानलेवा हमला किया जिसकी जानकारी भेड़ मालिक को सुबह तकरीबन 3:00 बजे हुई जिस पर उन्होंने रामपुर बघेलान थाने को सूचित किया जानकारी लगते हैं रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह के साथ रामपुर बाघेलान थाना से एस आई अल के मिश्रा प्रधान आरक्षक गिरजानन्दन तिवारी आरक्षक रामानुज दुबे मौके मुझे जिसमें तकरीबन 28 भेड़ो की जान जा चुकी थी वही 24 गंभीर रूप से घायल हैं उनके इलाज के लिए पुलिस द्वारा तत्काल पशु चिकित्सक डा अरुण कुमार शुक्ला और एस के वर्मा को बुलाया गया जिसमें उन्होंने आने के उपरांत उनका उपचार प्रारंभ किया जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वही ऐसी घटना को मदद्येनजर रखते हुए विधायक श्री सिंह ने वन विभाग की टीम को सूचना दी और उस खूंखार जानवर पर नजर रखते हुए गांव को सुरक्षित रखने की बात कही।

शाह रुख खान की पठान ने पकड़ी रफ्तार, केजीएफ 2 को मात देने के पहुंची इतने करीब

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। फिल्म पठान के साथ शाह रुख खान ने लगभग चार साल बाद शानदार अंदाज में कमबैक किया है। फिल्म अपनी रिलीज से ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा

रही है। मंगलवार को पठान ने सिनेमाघरों में अपने 14 दिन का सफर पूरा कर लिया, लेकिन फिल्म ने कमाई के मामले में अपनी स्पीड बनाए रखी। दो हफ्ते में पठान पहुंची 400 करोड़ के पार 25 जनवरी को रिलीज हुई पठान को दो हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म ने इतने कम समय में ही 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। अब पठान जल्द कन्नड़ की ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन के लाइफटाइम कलेक्शन को भी मात देने वाली है।पठान के सेकेंड वीकेंड की बात करें तो फिल्म ने शुक्रवार को देशभर में 14 करोड़ का कलेक्शन किया, जबकि शनिवार को कमाई 23.25 करोड़ और रविवार को 28.50 करोड़ रही। वहीं, पठान ने मंडे टेस्ट में भी अच्छा प्रदर्शन किया। सोमवार को फिल्म की कमाई में कुछ गिरावट देखने को मिली, लेकिन फिर भी फिल्म ने मामला संभाल लिया और 8 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। मंगलवार की बात करें तो शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, 14वें दिन पठान का नेट कलेक्शन 8 से 9 करोड़ से बीच रहा, इसके साथ ही पठान का डोमेस्टिक लाइफटाइम कलेक्शन 445.45 करोड़ हो गया है। पठान ने अपनी रिलीज के साथ ही रिकॉर्ड बनाने शुरु कर दिए थे। फिल्मे ने देशभर के सिनेमाघरों में 57 करोड़ के साथ ओपनिंग ली थी। वहीं, दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन ने तेजी दिखाई और 70 करोड़ की कमाई। पठान ने आते ही इतनी स्पीड से कलेक्शन करना शुरू किया कि पहले हफ्ते में ही 318 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया। हालांकि, बीच में फिल्म की कमाई में कुछ गिरावट भी देखने को मिली, फिर भी पठान ठीक-ठाक कलेक्शन करने में कामयाब रही है।

कृष्णा अभिषेक ने फिर गोविंदा का नाम लेकर किया ऐसा मजाक एमसी स्टैन की उड़ाई खिल्ली

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। बिग बॉस को खत्म होने में महज 4 दिन बाकी हैं, पांचवें दिन पर सलमान खान के शो का ग्रैंड फिनाले है। फिनाले वीक को दर्शकों के लिए मजेदार बनाने में बिग बॉस कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। निमृत के निकलने के बाद घर में टॉप फाइव कंटेस्टेंट प्रियंका, शिव, शालीन, एमसी स्टैन और अर्चना गौतम बाकी हैं। मंगलवार के एपिसोड में कृष्णा अभिषेक ने घर में एंट्री ली। उन्होंने अपनी कॉमेडी से हंसा-हंसा कर घरवालों के पेट में दर्द करवा दिया। इतना ही नहीं, एक बार फिर शो के दौरान कृष्णा गोविंदा का जिक्र करते हुए दिखाई दिए।कभी सपना तो कभी जैकी दादा बनकर दर्शकों को हंसाने वाले कृष्णा अभिषेक बिग बज से निकलकर घरवालों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए बिग बॉस के घर में आए। पुष्पा बनकर घर में आए कॉमेडियन ने घरवालों को रोस्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पुष्पा बने कृष्णा अभिषेक ने बिग बॉस के साथ भी अपने रोमांस के किस्से को नेशनल टेलीविजन पर शेयर किया। इतना ही नहीं उन्होंने मजाक-मजाक पर एमसी स्टैन की भी खिल्ली उड़ाई और दर्शकों का लैटर उन्हें सुनाते हुए पूछा कि आखिर वह कब सोलो गेम खेलेंगे। कृष्णा ने जिस तरह से बिग बॉस

से फ्लर्ट किया, उसके बाद आखिरी धन्यवाद कहकर बिग बॉस ने भी चुप्पी साध ली।घर में अपनी कॉमेडी से सभी कंटेस्टेंट को रोस्ट करने वाले कृष्णा ने मजाक मस्ती में अर्चना गौतम के गलती करके वीकेंड के वार में बार-बार सॉरी बोलने के अंदाज की भी खूब खिल्ली उड़ाई। उन्होंने अर्चना से पूछा कि आखिर तुम ऐसा कर कैसे लेती हो। उसके बाद अर्चना जैसे ही जवाब देने लगीं कृष्णा ने उन्हें सॉरी बोल दिया। कृष्णा एक बार सॉरी बोलकर शांत नहीं हुए, बल्कि उन्होंने एक्ट्रेस को रोस्ट करते हुए पत्नी कश्मीरा की तरफ से भी सॉरी बोला और उसके बाद उन्होंने कहा, 'आपको गोविंदा की तरफ से भी सॉरी'। कृष्णा अभिषेक अर्चना से माफी मांगते हुए उनके पैरों पर गिर गए। एक तरफ जहां मंगलवार के एपिसोड में कृष्णा अभिषेक की कॉमेडी देखने को मिली, तो वहीं बिग बॉस ने घर के गार्डन एरिया में एक कार रखी। उन्होंने इस कार से जुड़ा घरवालों को एक कार्य सौंपा, जिसमें उन्होंने सभी को एक-एक शब्द चुनने के लिए किया हालांकि, इस कार्य में सभी ने पूरे सीजन में पहली बार शांति से योगदान दिया, लेकिन इसके अलावा घर में बचे हुए मंडली के दो सदस्य एमसी स्टैन और शिव कभी प्रियंका की हंसी पर कमेंट करते दिखे, तो कभी शालीन की ओवर एक्टिंग से चिढ़ते हुए नजर आए।बिग बॉस को उनके टॉप फाइनलिस्ट मिल चुके हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो रविवार को सलमान खान संग होने वाले एपिसोड में शालीन भनोट ब्रीफकेस लेकर बाहर हो जाएंगे और उसके बाद घर में चार सदस्य बनेंगे। इस वक्त टॉप 2 कंटेस्टेंट के लिए जिन दो सदस्यों में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है, उसमें शिव ठाकरे और प्रियंका चहर चौधरी का नाम शामिल है।

शालीन भनोट की एक्स वाइफ दलजीत बसाने जा रही हैं घर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। टीवी की पॉपुलर कंटेस्टेंट दलजीत कौर पिछले काफी दिनों से चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस तब मीडिया

की खबरों में छा गई थीं, जब उन्होंने अपने एक्स हसबैंड शालीन भनोट को सपोर्ट किया था। अब एक्ट्रेस अपनी दूसरी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं।शालीन भनोट इन दिनों विवादित रियलिटी शो बिग बॉस 16 में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ रहे हैं। एक्टर शो की शुरुआत से ही बने हुए हैं और अब टॉप 5 कंटेस्टेंट की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं। शो में टीना दत्ता संग अपने रोमांस और गुस्सैल रवैये के कारण शालीन अक्सर शो में सुर्खियों में बटोरते रहे हैं। बीते महीने बिग बॉस से उनका एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वो बुरी तरह रोते हुए नजर आए थे। शालीन के इसी वीडियो पर उनकी एक्स वाइफ ने रिएक्ट किया था और उन्हें सपोर्ट किया था।शालीन भनोट से तलाक होने के बाद अब दलजीत कौर एक बार फिर घर बसाने जा रही हैं। पिछले काफी दिनों से एक्ट्रेस को लेकर खबर आ रही थी कि उन्होंने सगाई कर ली हैं और जल्द शादी करने वाली हैं। दलजीत ने हाल ही में अपने पार्टनर संग एक तस्वीर शेयर की थी और खुद ही अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया। दलजीत के होने वाले पति का नाम निखिल पटेल हैं और वो एक एनआरआई हैं।शादी की घोषणा के बाद सोमवार को पहली बार दलजीत कौर और निखिल पटेल पब्लिक में साथ में नजर आए। ट्विनिंग करते हुए दलजीत ब्लैक टॉप और ब्लू डेनिम स्कर्ट में नजर आईं। वहीं, निखिल ब्लैक टीशर्ट और क्रीम शॉर्ट्स में दिखे। एक्ट्रेस ने मंगलवार को अपनी इंस्टा स्टोरी पर भी ये तस्वीरें शेयर कीं और बताया कि दोनों साथ में गोवा गए थे, जबकि वेकेशन के बाद निखिल केन्या चले गए।

आलिया भट्ट ने सिद्धार्थ-कियारा को इस अंदाज में दी बधाई, इन सितारों ने भी किया विश

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा हमेशा के लिए एक-दूसरे के हमसफर बन चुके हैं। दोनों ने शाही अंदाज में

जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में धूमधाम से शादी की है। दोनों ने फैंस की बेसब्री को कम करते हुए सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर अपनी शादी के बाद कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस जमकर कपल पर प्यार लुटा रहे हैं और उन्हें उनकी नई जिंदगी के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। इसके अलावा दोनों की रोमांटिक तस्वीर देख सिद्धार्थ की एक्स गर्लफ्रेंड आलिया भट्ट सहित बॉलीवुड के कई सितारों ने भी कपल को उनके इस सफर के लिए बधाई दी।सिद्धार्थ मल्होत्रा की गर्लफ्रेंड रह चुकीं आलिया भट्ट ने दोनों की शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद उन्हें खास अंदाज में बधाई दी। उन्होंने कपल को बधाई देते हुए उनकी एक-दूसरे को किस करते हुए तस्वीर अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर की। इस तस्वीर को शेयर करते हुए आलिया भट्ट ने लिखा, 'तुम दोनों को बहुत-बहुत बधाई हो'। इसी के साथ आलिया ने हार्ट वाला इमोजी पोस्ट किया। इसके अलावा करण के ही दूसरे स्टूडेंट वरुण धवन ने भी इस कपल की तस्वीर शेयर की और दोनों को उनके इस नए सफर के लिए बहुत प्यार और बधाई दी। इसके अलावा दोनों को जिंदगी में मैच मेकिंग का काम करने वाले निर्देशक-निर्माता करण जौहर ने कपल की तस्वीर शेयर करते हुए प्यार भरा कैप्शन लिखा। उन्होंने लिखा, 'मैं इससे डेढ़ साल पहले मिला था, तब भी ये शांत, मजबूत और सेंसिटिव था और जब मैं कई सालों के बाद कियारा से मिला, तो उसे भी इतना ही सेंसिटिव पाया। फिर ये एक-दूसरे से मिले और मुझे ये एहसास हुआ कि ये दोनों एक-दूसरे की हिम्मत हैं और इनके बीच की बॉन्डिंग कभी न टूटने वाली है। दोनों ने एक मैजिकल लव स्टोरी लिखी है'। करण जौहर और आलिया भट्ट के अलावा कियारा के तस्वीर पोस्ट करते ही कई सितारों ने उन्हें बधाई दी। कुछ दिनों पहले ही केएल राहुल संग शादी के बंधन में बंधी अथिया शेट्टी ने लिखा, 'बधाई हो'। अनिल कपूर ने जुग-जुग जियो में बहू का किरदार निभाने वालीं कियारा की तस्वीर पर प्यार लुटाते हुए उन्हें बधाई दी।

कृष्णा अभिषेक ने इस कंटेस्टेंट के आगे खोली शिव की ऐसी पोल, मंडली के सदस्य का खुला रह गया मुंह

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। बिग बॉस के घर में रिश्ते बनना और बिगड़ना बहुत ही आम बात है। पिछले कई सीजन में ये देखा गया है कि कंटेस्टेंट अपनी सहूलियत के हिसाब से

दोस्त बदलते हैं। हालांकि, इस सीजन में हुई 'मंडली' की दोस्ती ने फैंस को बहुत इंप्रेस किया। शुरुआत से ही एक-दूसरे का हाथ थामकर चलने वाली मंडली के कई सदस्य सीजन के एंड तक पहुंचे। अब्दु और साजिद खान के शो से निकलने के बाद मंडली के चार सदस्य फिनाले में पहुंचे। अब हाल ही में कृष्णा अभिषेक ने मंडली के इस सदस्य को एविक्ट होने के बाद शिव की ऐसी वीडियो दिखाई, जिसे देखकर इस कंटेस्टेंट का मुंह खुला का खुला रह गया। कृष्णा अभिषेक बिग बॉस से निकलने के बाद कंटेस्टेंट का बिग बज में इंटरव्यू करते हैं। इस इंटरव्यू के दौरान कृष्णा ने सुम्बुल को शिव की सच्चाई दिखाते हुए कहा, 'शिव आपका सच में दोस्त है'। इस सवाल के जवाब में सुम्बुल ने तुरंत हामी भरी। जिसे सुनने के बाद कृष्णा ने कहा, 'शिव ने आपके बारे में क्या-क्या नहीं कहा है'। ये कहते हुए कृष्णा ने सुम्बुल को वह वीडियो दिखाया जिसे देखकर एक्ट्रेस की आंखें फटी की फटी रह गईं। इस बात को सुनकर सुम्बुल ने कहा, 'ये सुनकर थोड़ा सा अजीब लग रहा है। मुझे ये पता है कि शिव और स्टैन की प्रायोरिटी अलग-अलग है और निमृत की भी, तो मुझे उससे कोई दिक्कत नहीं है'।कृष्णा अभिषेक ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि शिव कह रहा है कि आप लोगों के सपोर्ट से यहां तक पहुंची हैं, जिसका जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं इसमें क्या बोलूं, ये शिव का मानना है। मुझे नहीं लगता कि मैं किसी के सपोर्ट से यहां तक पहुंची हूं, मुझे लगता है जनता के प्यार ने मुझे यहां तक पहुंचाया है। मैं 12वीं में हूं और बारहवीं के एग्जाम से पहले बाहर आई हूं।ये बहुत ही क्लियर है कि मैं किसके सपोर्ट से यहां तक आई हूं।

सिद्धार्थ ने कियारा संग शेयर की शादी की पहली फोटो, लिखा- 'हमारी परमानेंट बुकिंग हो गई

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। बॉलीवुड के लवेबल कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा



आडवाणी हमेशा के लिए एक-दूसरे के हो गई। दोनों ने 7 फरवरी 2023 को जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शाही अंदाज में शादी की। दोनों की शादी के बाद फैंस उनकी पहली तस्वीर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। सोशल मीडिया पर भी लगातार सिद्धार्थ और कियारा आडवाणी की वेडिंग ट्रेंड हो रही है। जैसे ही लोगों को इस कपल की शादी की खबर मिली, सोशल मीडिया पर मिसेज मल्होत्रा का ट्रेंड शुरू हो गया। अब इस कपल को बेशुमार प्यार देने वालों का इंतजार खत्म हुआ, क्योंकि सिद्धार्थ और कियारा ने शादी के बाद अपनी तस्वीरें शेयर कर ली हैं। तस्वीरों में सिद्धार्थ-कियारा का दिखा रोमांटिक अंदाज सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने शादी के बाद फैंस की बैचेनी को कम करते हुए अपनी पहली वेडिंग पिक्चर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर दी हैं। सिद्धार्थ-कियारा की ये तस्वीरें दिल छू लेने वाली हैं। पहली तस्वीर में कियारा और सिद्धार्थ एक-दूसरे की आंखों में बड़े ही प्यार से निहार रहे हैं और साथ ही हाथ एक-दूजे के सामने हाथ जोड़ रहे हैं। दूसरी तस्वीर में कियारा आडवाणी बड़े ही प्यार से सिद्धार्थ मल्होत्रा का हाथ थामें मुस्कुरा रही हैं। इन तस्वीरों में दोनों के चेहरों की खुशी देखते ही बन रही है। एक अन्य तस्वीर में शेरशाह एक्टर बड़े ही प्यार से कियारा आडवाणी के गाल पर किस करते हुए नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोग कपल को बधाई दे रहे हैं। अपनी वेडिंग तस्वीरों में कियारा आडवाणी पिंक रन के एम्ब्रायडरी लहंगे में नजर आ रही हैं, जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही हैं। मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन इस लहंगे के साथ डायमंड और सिल्वर एक्ट्रेस की खूबसूरती में चार चांद लगा रही है, तो वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा भी गोल्डन और व्हाइट एम्ब्रायडरी शेरवानी में काफी जंच रहे हैं।इन तस्वीरों को शेयर करते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी नई दुल्हन के लिए कैप्शन में लिखा, 'अब हमारी परमानेंट बुकिंग हो गई है। अपने इस सफर को आगे बढ़ाने के लिए हमें आप सबका ढेर सारा प्यार और आशिर्वाद चाहिए। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के प्यार की कहानी करण जौहर की फिल्म 'शेरशाह' के सेट पर शुरू हुई थी। दोनों अच्छे दोस्त बने और उसके बाद एक-दूसरे से प्यार कर बैठे। बॉलीवुड के गलियारों से दोनों के अफेयर के चर्चे कई बार सुनने को मिले, लेकिन इस कपल ने कभी भी अपने रिलेशनशिप पर कुछ नहीं कहा। दोनों की वेडिंग फोटोज सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बधाई का तांता लग गया है।

ओटीटी पर पहुंचीं बिग बॉस 14 फेम जैस्मीन भसीन, प्रियांक संग इस शो में आएंगी नजर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। वेलंटाइम वीक में बिग बॉस 14 में अपनी मासूमियत से दिल चुराने वाली टीवी एक्ट्रेस जैस्मीन भसीन अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर

अपनी पारी शुरू कर रही हैं। जैस्मीन अमेजन मिनी टीवी की सीरीज जब वी मैच्ड में नजर आएंगी। उनके जोड़ीदार बिग बॉस 11 में कंटेस्टेंट रहे प्रियांक शर्मा हैं। शो में ओटीटी की दुनिया के और भी कई चर्चित चेहरे नजर आने वाले हैं। इसका ट्रेलर मंगलवार जो जारी कर दिया गया। ट्रेलर सभी कलाकारों के किरदारों और उनकी कहानियों से परिचित करवाता है। वेब सीरीज में 4 एपिसोड्स हैं, जिनके शीर्षक एलगोरिद्म, जलकुकड़े, सिर्फ एक डेट और फॉर्मूला शीट हैं। इन सभी किरदारों के डेटिंग और जीवन में अपने लक्ष्यों को लेकर अलग-अलग ख्याल हैं। शो में जैस्मीन और प्रियांक के अलावा शिवांगी जोशी, मयूर मोरे, प्रीत कमानी और रेवती पिल्लई अहम किरदारों में दिखेंगे। शिवांगी ने कहा- जब वी मैच्ड में काम करना मेरे लिए काफी उत्साहजनक था। इसके कई कारण हैं। शो में दिखाया गया है कि कैसे दो लोगों के दिल में एक-दूसरे के लिए भावनाएं जन्म लेती हैं, लेकिन दोनों के लिए जिंदगी ने कुछ और ही सोच रखा है। इसका कथ्य काफी निर्दयी है। प्रीत के साथ काम करना अच्छा अनुभव रहा। जैस्मीन ने कहा कि जब वी मैच्ड के लिए फिलहाल मैं काफी वक्त दे रही हूं। मैंने अपने किरादार को जीवंत बनाने पर फोकस किया है। ऐसा प्रोजेक्ट मैंने पहले कभी नहीं किया। प्रियांक ने कहा कि रिश्तों पर बनी कहानियों की ओर मैं हमेशा से प्रभावित होता रहा हूं। जब वी मैच्ड ने मेरे सोचने की प्रक्रिया को भी काफी बदला है और मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि दर्शकों पर भी इसका असर पड़ने वाला है। 10 फरवरी को मिनी टीवी पर होगा स्ट्रीम इस शो का निर्देशन श्रीनिवास सुंदरराजन ने किया है, जबकि शो का लेखन लीन चिटनिस, अमृत पॉल, भव्य राज और रितु मागो ने किया है। शो 10 फरवरी को मिनी टीवी पर स्ट्रीम किया जा रहा है। अमेजन मिनी टीवी, अमेजन की शपिंग ऐप पर मौजूद है। मेन्यु बार में इसका बटन मुहैया करवाया गया है, जहां से मिनी टीवी के अंदर पहुंचा जा सकता है। मिनी टीवी पर वेब सीरीज और शॉर्ट फिल्में मौजूद हैं। यहां सारा कंटेंट मुफ्त देखा जा सकता है।

ओटीटी पर हंसिका मोटवानी दिखाएंगी अपनी शादी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने 4 फरवरी, 2022 को बिजनस मैन सोहेल कथुरिया के साथ शादी की थी। उनकी शादी जितनी चर्चा में रही थी, उतने ही चर्चा में प्री-वेडिंग फंक्शन भी थे। एक्ट्रेस की शादी के समय से ही यह चर्चा थी कि उनकी जिंदगी के इस स्पेशल डे को वेब सीरीज के तौर पर फैंस को दिखाया जाएगा। हंसिका ने अपना वादा पूरा करते हुए कुछ दिनों पहले शो 'लव शादी ड्रामा' का टीजर जारी किया था। अब इसका ट्रेलर भी सामने आ गया है। हंसिका और सोहेल ने जयपुर के मुंडोता फोर्ट में शादी की थी। यह किला 450 साल पुराना बताया जाता है, जहां आज के जमाने के अनुसार सारी मॉर्डन और जरूरत की चीजें मौजूद हैं। इस जगह पर हंसिका की शादी को हुए दो महीने बीत चुके हैं और अब एक्ट्रेस फैंस को अपनी इस जर्नी का हिस्सा बनाने के लिए उत्साहित हैं। उनकी शादी वेब शो में बदल गई है, जिसका ट्रेलर उन्होंने मंगलवार को शेयर किया।हंसिका और सोहेल के रिलेशन को दिखाते वेब शो 'लव शादी ड्रामा' का पहला टेलीकास्ट इसी हफ्ते होगा। जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शाही अंदाज में शादी की। दोनों की शादी के बाद फैंस उनकी पहली तस्वीर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। सोशल मीडिया पर भी लगातार सिद्धार्थ और कियारा आडवाणी की वेडिंग ट्रेंड हो रही है। जैसे ही लोगों को इस कपल की शादी की खबर मिली, सोशल मीडिया पर मिसेज मल्होत्रा का ट्रेंड शुरू हो गया। अब इस कपल काजारी किए गए ट्रेलर में हंसिका और सोहेल, दोनों यह बताते हुए देखे जा सकते हैं कि एक दूसरे से शादी करने पर उन्हें कैसा महसूस हो रहा है। इस वीडियो में हंसिका के कई पल शादी से पहले के शूट किए गए हैं, जहां वह अपनी उलझन और खुशी दोनों को बयां करती देखी जा सकती हैं। हंसिका मोटवानी की शादी के ट्रेलर को देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अधिकतर यूजर्स ने हार्ट इमोजी कमेंट कर इस शो के जल्द से जल्द शुरू होने की इच्छा जताई है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।